अति महत्वपूर्ण

संख्या-4/2021/221/एक-1-2021-20(5)/2016

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजस्व अनुभाग-1

लखनऊः दिनॉक: 06 अप्रैल, 2021

विषयः-उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 में किये गये संशोधन तथा राज्य सरकार द्वारा लिये गये नीतिगत निर्णय के अनुसार कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राजस्व विधियों में सहजता लाने तथा इज आफ डूइंग बिजनेस के अन्तर्गत विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 तथा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 में महत्वपूर्ण संशोधन किये गये हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 219 के तहत राज्य सरकार की शक्तियों का प्रतिनिधायन व नीतिगत निर्णय लिये गये हैं।

2. प्रायः देखा जाता है कि जनपद व मण्डल स्तर पर उक्त संशोधनों का संज्ञान नहीं लिया जाता है तथा जिन प्रकरणों के लिये जिलाधिकारी व मण्डलायुक्त सक्षम प्राधिकारी है, वह प्रस्ताव भी अनावश्यक रूप से शासन को प्रेषित कर दिया जाता है, जिसके कारण प्रकरण के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब होता है।

3. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 में संशोधन तथा राज्य सरकार की शक्तियों का प्रतिनिधायन व समय-समय पर लिये गये नीतिगत निर्णय मुख्यतः निम्नवत् हैः-

[क] उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में संशोधन

(1) कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि की उद्घोषणा -

(i) **चहारदीवारी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना**- अधिसूचना संख्या-1469 /79-वि-1-19-1(क)4-19 दिनांक-05.08.2019 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 80 की उपधारा (2) के प्रथम परन्तुक में कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि की उद्घोषणा हेतु जोत या उसके आंशिक भाग के चारों ओर चहारदीवारी बनाया जाना

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अनिवार्य किया गया था। गैर कृषि भूमि की उद्घोषणा हेतु उक्त चहारदीवारी की अनिवार्यता को अधिसूचना संख्या-2164/79-वि-1-20-2(क)24-2020 दिनांक-28.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2020 की धारा 80 में संशोधन कर समाप्त कर दिया गया है।

(ii) **<u>गैर कृषिक उद्घोषणा को समयबद्ध किया जाना</u>**- अधिसूचना संख्या-1551/79-वि-1-20-1(क)-36-20 दिनांक-31.08.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2020 की धारा 80 में संशोधन कर कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि की उद्घोषणा हेतु अधिकतम 45 दिन की समय सीमा भी निर्धारित की गयी है।

(2) **<u>सीलिंग सीमा 5.0586हे0 (12.50 एकड़) से अधिक क्रय की अनुमति के संबंध में</u>**-

(i) **<u>क्रय हेतु पूर्वानुमति की शक्ति का प्रतिनिधायन</u>**- अधिसूचना संख्या-1469/79-वि-1-19-1(क)4-19 दिनांक-05.08.2019 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 89 की उपधारा (4) द्वारा विहित सीमा 5.0586हे0 (12.50 एकड़) से अधिक भूमि अर्जन अथवा क्रय की अनुज्ञा प्रदान करने की शक्ति 20.2344हे0 तक संबंधित कलेक्टर, 20.2344हे0 से अधिक और 40.4688हे0 तक संबंधित मण्डलायुक्तों को प्रत्यायोजित की गयी है। 40.4688 हे0 से अधिक भूमि अर्जित अथवा क्रय करने की अनुज्ञा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। 12.50 एकड़ से अधिक भूमि क्रय की अनुमति का स्तर उपरोक्तानुसार होगा, किन्तु शासनादेश संख्या-746/एक-1-2016-20(5)/2016, दिनांक 03.06.2016 में वर्णित शेष व्यवस्था व प्रक्रिया का अनुपालन किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या-156/एक-1-2021-रा0-1, दिनांक 28.01.2021 द्वारा मण्डलायुक्त स्तर से दी जाने वाली 12.50 एकड़ से अधिक भूमि क्रय की अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु अधिकतम 60 दिन की समय सीमा भी निर्धारित की गयी है।

(ii) **<u>बिना पूर्वानुमति के क्रय की गयी भूमि का विनिमितीकरण</u>**- अधिसूचना संख्या-2164/79-वि-1-20-2(क)24-2020 दिनांक 28.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2020 की धारा 89 की उपधारा (3) में संशोधन कर बिना पूर्वानुमति के क्रय की गयी विहित सीमा 5.0586हे0 (12.50 एकड़) से अधिक भूमि को विनियमित करने की व्यवस्था की गयी है। इस हेतु राजस्व अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1577/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 30.12.2020 द्वारा प्रक्रिया का निर्धारण भी किया गया है, जिसके अनुसार बिना पूर्वानुमति के विहित सीमा से अधिक क्रय की गयी भूमि के विनियमितीकरण हेतु आवेदन पत्र शासन के संबंधित प्रशासकीय विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा। संबंधित

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्रशासकीय विभाग द्वारा 10 प्रतिशत जुर्माने के साथ अथवा उक्त जुर्माने से छूट प्रदान करने के प्रस्ताव पर विनियमितीकरण हेतु मा0 मंत्रिपरिषद का आदेश प्राप्त किया जायेगा। तत्पश्चात् राजस्व विभाग द्वारा औपचारिक आदेश निर्गत किया जायेगा।

(3) **<u>राजस्व संहिता की धारा 101 में संशोधन</u>**- अधिसूचना संख्या-1551/79-वि-1-20-1(क)-36-20 दिनांक-31.08.2020 द्वारा ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित भूमि के विनिमय की प्रक्रिया को सहज बनाने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2020 की धारा 101 में भी संशोधन कर यह व्यवस्था की गयी है कि निजी भूमि का मूल्यांकन, यदि सार्वजनिक भूमि के मूल्यांकन से 10 प्रतिशत अधिक हो तथा निजी भूमि का क्षेत्रफल सार्वजनिक भूमि से 25 प्रतिशत से अधिक होने की दशा में भी विनिमय पर विचार किया जा सकता है।

(4) **<u>निजी भूमि का पट्टा</u>**- अधिसूचना संख्या-1469/79- वि-1-19-1(क)4-19 दिनांक-05.08.2019 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 94 द्वारा भूमिधरों को कृषि भूमि कृषि कार्य हेतु या सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु निजी पट्टे पर देने के लिये निजी पट्टा निष्पादित करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

(5) **<u>थर्ड जेण्डर को परिवार की परिभाषा में सम्मिलित किया जाना</u>**- अधिसूचना संख्या-1551/79-वि-1-20-1(क)-36-20 दिनांक-31.08.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2020 की धारा 4 व अन्य संगत धाराओं में संशोधन कर थर्ड जेण्डर को सम्मिलित किया गया है। इससे थर्ड जेण्डर को पैतृक सम्पति में अधिकार मिल सकेगा।

[ख] <u>उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 में संशोधन</u>

(1) **<u>सीमा विवाद व वरासत दर्ज किये जाने के संबंध में</u>**- अधिसूचना संख्या-1560/ एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 29.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020 के नियम-16 व 22 में संशोधन कर सीमा विवाद के निपटारे के लिये समुचित व्यवस्था की गयी है। नियम-31 में संशोधन कर वरासत दर्ज किये जाने की कार्यवाही ऑन लाइन किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

(2) **<u>विनिमय हेतु भूमि प्रबन्धक समिति के प्रस्ताव की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना</u>**- अधिसूचना संख्या-1560/एक-1-2020-रा0-1 दिनांक-29.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020 के नियम-101 में संशोधन कर भूमि प्रबंधक समिति का प्रस्ताव अथवा कलेक्टर द्वारा अनुमोदित उपजिलाधिकारी के स्वप्रेरणा प्रस्ताव के आधार पर कार्यवाही किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(3) **राजस्व न्यायालयों को कम्प्यूटरीकृत आदेश जारी किये जाने के संबंध में** - अधिसूचना संख्या-1560/एक-1-2020-रा0-1 दिनांक-29.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020 के नियम-188 में संशोधन कर यह व्यवस्था की गयी है कि राजस्व संहिता, 2006 के अधीन समस्त वाद राजस्व परिषद द्वारा प्रबन्धकृत न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (आर0सी0सी0 एम0एस0) के पोर्टल पर दर्ज किये जायेंगे। समस्त राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा जारी ऐसे स्वजनित बार कोडेड आदेश पत्रकों पर ही आदेश पारित करेंगे।

[ग] राज्य सरकार की शक्तियों का प्रतिनिधायन व नीतिगत निर्णय

(1) **ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित भूमि के संबंध में-**

(i) **राज्य सरकार एवं भारत सरकार की परियोजनाओं हेतु श्रेणी परिवर्तन/पुनर्ग्रहण/विनिमय की शक्ति का प्रतिनिधायन** - राजस्व अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-689/एक-1-2020-20(5)/2016, दिनांक-06.07.2020 द्वारा ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित भूमि का श्रेणी परिवर्तन/पुनर्ग्रहण/विनिमय की शक्ति ऐसी दशा में जहां उक्त श्रेणी परिवर्तन, पुनर्ग्रहण एवं विनिमय राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के किसी विभाग हेतु प्रस्तावित हो, कलेक्टर/मण्डलायुक्त को प्रतिनिधानित की गयी है। शासनादेश संख्या-720/एक-1-2020-20(5)/2016, दिनांक 07.07.2020 द्वारा राज्य सरकार/भारत सरकार हेतु प्रस्तावित श्रेणी परिवर्तन, पुनर्ग्रहण एवं विनिमय के नये प्रस्ताव शासन को प्रेषित न करने के निर्देश दिये गये हैं तथा पूर्व में प्रेषित ऐसे प्रकरणों जिनके संबंध में 06.07.2020 तक शासन द्वारा अधिसूचना/शासनादेश निर्गत नहीं किये गये हैं, उन प्रकरणों में भी राजस्व अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-689/एक-1-2020-20(5)/2016, दिनांक 06.07.2020 के आलोक में कलेक्टर/मण्डलायुक्त के स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

(ii) **निजी संस्थाओं हेतु विनिमय के लिये कतिपय परियोजनाओं हेतु विनिमय की शक्ति का प्रतिनिधायन**- उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 की धारा-101 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित सामान्य श्रेणी की भूमि के विनिमय की शक्ति उपजिलाधिकारी में निहित है। ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित आरक्षित श्रेणी की भूमि का विनिमय, ऐसी दशा में जहां उक्त विनिमय किसी निजी संस्था अथवा व्यक्ति के लिये प्रस्तावित हो, उक्त प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा विचार किये जाने की व्यवस्था है। अधिसूचना संख्या-217/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 10.02.2021 द्वारा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

केवल ऐसी दशा में जहां ग्राम पंचायत/स्थानीय प्राधिकरण में निहित भूमि का विनिमय शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, पीपीपी मॉडल पर निजी कालेजों की स्थापना तथा ऐसी निवेश परियोजनाएं, जिन्हें शासन की विभिन्न नीतियों में लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी हो चुका है, के प्रकरणों में चकरोड व नाली इत्यादि की भूमि के विनिमय की शक्ति मण्डलायुक्तों को प्रतिनिधानित की गयी है।

(iii) **<u>सहायक कलेक्टर की शक्ति का तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को प्रतिनिधायन</u>**- अधिसूचना संख्या-1510/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 29.12.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67 के अधीन यथा विहित रूप में सहायक कलेक्टर के कृत्यों का निर्वहन करने के लिए दिनांक 11.02.2016 से तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को प्राधिकृत किया गया है।

(iv) **<u>प्रत्येक ग्रामसभा में खेल का मैदान विकसित किए जाने के संबंध में</u>**- शासनादेश संख्या-1747/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 15.01.2020 द्वारा प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में अनिवार्य रूप से 01 हेक्टेयर समुचित भूमि चिन्हित कर उस पर खेल का मैदान विकसित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

4. उपरोक्त समस्त संशोधनों/शासनादेशों/अधिसूचनाओं की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संशोधनों/शासनादेशों/अधिसूचनाओं को अपने अधीनस्थों (तहसील स्तर तक) के मध्य प्रचारित प्रसारित कराते हुए उनमें वर्णित व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नक</u>:

1- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019
2- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2020
3- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2020
4- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020
5- शासनादेश संख्या- 1747/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 15.01.2020
6- शासनादेश संख्या- 689/एक-1-2020-20(5)/2016, दिनांक 06.07.2020
7- शासनादेश संख्या- 720/एक-1-2020-20(5)/2016, दिनांक 07.07.2020
8- अधिसूचना संख्या-1510/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 29.12.2020
9- शासनादेश संख्या- 1577/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 30.12.2020
10- शासनादेश संख्या- 156/एक-1-2021-रा0-1, दिनांक 28.01.2021
11- अधिसूचना संख्या- 217/एक-1-2020-रा0-1, दिनांक 10.02.2021

भवदीय,
रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

(2) अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी, उत्तर प्रदेश।

(3) स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।

(4) अपर मुख्य सचिव, सूचना विभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त वर्णित व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें।

(5) आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त संशोधनों का संज्ञान लेकर उन्हें प्रचारित प्रसारित कराते हुए उनका अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(6) गार्ड फाइल/ http://shasanadesh.up.gov.in/ पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

महेन्द्र सिंह

विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक-1

क्रम संख्या-151 (क-2)

रजिस्ट्रेशन नम्बर-एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०-91/2014-16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग-1, खण्ड (क)

(उत्तर प्रदेश अधिनियम)

लखनऊ, सोमवार, 5 अगस्त, 2019

श्रावण 14, 1941 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

विधायी अनुभाग-1

संख्या 1469/79-वि-1-19-1(क)4-19

लखनऊ, 5 अगस्त, 2019

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदय ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2019 जिससे राजस्व अनुभाग-1 प्रशासनिक रूप से सम्बन्धित है, पर दिनांक 2 अगस्त, 2019 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 सन् 2019 के रूप में सर्वसाधारण की सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019

(उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 7 सन् 2019)

[जैसा उत्तर प्रदेश विधान मण्डल द्वारा पारित हुआ]

उत्तर प्रदेश राज्य में औद्योगीकरण और कृषि विकास के लिए भूमि की उपलब्धता सुगम बनाने तथा भू-धारकों के उत्तराधिकार से संबंधित विषयों में परिवर्तन हेतु उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के सत्तरवें वर्ष में निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :-

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1-(1) यह अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2019 कहा जाएगा।

(2) यह दिनांक 10 मार्च, 2019 को प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 8 सन् 2012 की धारा 24 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006, जिसे आगे मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 24 में, उपधारा (4) में, शब्द "आयुक्त का आदेश अंतिम होगा," के स्थान पर शब्द "आयुक्त का आदेश, धारा 210 के उपबन्धों के अध्यधीन अन्तिम होगा," रख दिये जायेंगे।

धारा 38 का संशोधन

3–मूल अधिनियम की धारा 38 में, उपधारा (4) में शब्द "आयुक्त का निर्णय अंतिम होगा" के स्थान पर शब्द "आयुक्त का निर्णय, धारा 210 के उपबन्धों के अध्यधीन अंतिम होगा" रख दिये जायेंगे।

धारा 66 का संशोधन

4–मूल अधिनियम की धारा 66 में, उपधारा (3) में शब्द "इस धारा के अधीन किया गया कलेक्टर का प्रत्येक आदेश अंतिम होगा" के स्थान पर शब्द "इस धारा के अधीन किया गया कलेक्टर का प्रत्येक आदेश, धारा 210 के उपबन्धों के अध्यधीन अन्तिम होगा" रख दिये जायेंगे।

धारा 69 का संशोधन

5–मूल अधिनियम की धारा 69 में, उपधारा (3) में खण्ड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात्–

"(ग) सामान्य उपयोगिता की भूमि के संरक्षण, परिरक्षण और विकास पर उपगत व्ययों का भुगतान, और;"

धारा 72 का संशोधन

6–मूल अधिनियम की धारा 72 में, उपधारा (1) में खण्ड (ग) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात्–

"(ग) मण्डलीय मुख्यालय के लिए एक या उससे अधिक मण्डलीय शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) "जो परिषद के सर्किट न्यायालयों (जहां कहीं मण्डल स्तर पर सर्किट न्यायालय विद्यमान हों) से सम्बन्धित कार्य का देखभाल भी करेंगे और"

धारा 77 का संशोधन

7–मूल अधिनियम की धारा 77 में, उपधारा (2) में शब्द "उसी ग्राम पंचायत" के स्थान पर शब्द "उसी अथवा किसी निकटवर्ती ग्राम पंचायत" रख दिये जायेंगे।

धारा 80 का संशोधन

8–मूल अधिनियम की धारा 80 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थात्:–

"80 (1) जहां संक्रमणीय अधिकारों वाला कोई भूमिधर, अपनी जोत या उसके आंशिक भाग का उपयोग औद्योगिक, वाणिज्यिक या आवासीय प्रयोजनों के लिए करता है, वहां उपजिलाधिकारी स्वप्रेरणा से या ऐसे भूमिधर द्वारा आवेदन किये जाने पर यथा विहित जांच करने के पश्चात या तो कोई घोषणा कर सकता है कि उक्त भूमि का प्रयोग कृषि से भिन्न प्रयोजन के लिए किया जा रहा है या वह आवेदन को अस्वीकृत कर सकता है। उपजिलाधिकारी आवेदन प्राप्त किए जाने के दिनांक से पैंतालीस कार्य दिवसों के भीतर आवेदन पर विनिश्चय करेगा। यदि आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाता है तो उपजिलाधिकारी ऐसी अस्वीकृति के लिखित कारणों को उल्लिखित करेगा और आवेदक को अपने विनिश्चय की सूचना देगा;

(2) जहाँ संक्रमणीय अधिकारों वाला कोई भूमिधर, अपनी जोत या उसके आंशिक भाग का भविष्य में औद्योगिक, वाणिज्यिक या आवासीय प्रयोजनों के लिए उपयोग करने का प्रस्ताव करता है वहाँ ऐसे भूमिधर द्वारा आवेदन किये जाने पर उपजिलाधिकारी, यथाविहित रूप में जाँच करने के पश्चात आवेदन प्राप्त किये जाने के दिनांक से पैंतालीस कार्य दिवस के भीतर या तो यह घोषणा कर सकता है कि उक्त भूमि का प्रयोग कृषि से भिन्न प्रयोजन के लिए किया जा सकता है या वह आवेदन अस्वीकृत कर सकता है। यदि आवेदन अस्वीकृत किया जाता है तो उपजिलाधिकारी को ऐसी अस्वीकृति के लिखित कारणों का उल्लेख करना होगा और आवेदक को अपने विनिश्चय की सूचना देनी होगी :

परन्तु यह कि इस उपधारा के अधीन घोषणा के लिए जोत या उसके आंशिक भाग के चारों ओर चहारदिवारी अवश्य होनी चाहिए जो इस प्रयोजनार्थ उपयोग किया जाना प्रस्तावित हो:

परन्तु यह और कि यदि भूमिधर, इस उपधारा के अधीन घोषणा के दिनांक से पांच वर्ष की अवधि के भीतर प्रस्तावित गैर कृषि संबंधी गतिविधि प्रारम्भ करने में विफल रहता है तो उपधारा (2) के अधीन जोत या उसके आंशिक भाग की घोषणा व्यपगत हो जायेगी:

परन्तु यह और भी कि इस उपधारा के अधीन घोषणा, भू–उपयोग परिवर्तन की कोटि में नहीं होगी और उक्त भूमि निरन्तर कृषि भूमि के रूप में ही समझी जायेगी। तथापि, भूमिधर, ऐसी जोत या उसके आंशिक भाग, जिसके लिए इस उपधारा के अधीन घोषणा प्राप्त की गयी हो, पर प्रस्तावित गतिविधि अथवा परियोजना के लिए ऋण और अन्य आवश्यक अनुज्ञाएं, समाशोधन आदि प्राप्त करने का हकदार होगा।

(3) अपनी जोत या उसके आंशिक भाग के लिए उपधारा (2) के अधीन घोषणा धारण करने वाला कोई भूमिधर, उपधारा (2) के अधीन घोषणा पांच वर्ष की अवधि के भीतर निर्माण क्रिया–कलाप पूर्ण कर लेने या प्रस्तावित गैर कृषि क्रिया–कलाप प्रारम्भ करने के पश्चात् उपधारा (2) की घोषणा को उपधारा (1) की घोषणा से आच्छादित करने के लिए उप जिलाधिकारी के समक्ष आवेदन कर सकता है। ऐसा कोई आवेदन प्राप्त किये जाने पर, उपजिलाधिकारी यथा आवश्यक जाँच करने के पश्चात् आवेदन प्राप्त किये जाने के दिनांक से 15 दिन की अवधि के भीतर आवेदन स्वीकृत करेगा या अस्वीकृत करेगा। अस्वीकृति की स्थिति में उसे ऐसी अस्वीकृति के कारणों को लिखित रूप में अभिलिखित करना होगा:

परन्तु यह कि उपधारा (2) के अधीन घोषणा का, उपधारा (1) के अधीन घोषणा में संपरिवर्तन के लिए भूमिधर पूर्व में उपधारा (2) के अधीन घोषणा के लिए अपने द्वारा पहले ही भुगतान की गई धनराशि का समायोजन करने के पश्चात् प्रचलित सर्किल दर पर आगणित संदेय शुल्क की मात्र अवशेष धनराशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(4) उपधारा (1) या (2) के अधीन घोषणा के लिए भूमिधरी भूमि में अविभाजित हित रखने वाले किसी सह–भूमिधर द्वारा किया गया कोई आवेदन तब तक पोषणीय नहीं होगा जब तक कि ऐसी भूमिधरी भूमि के समस्त सह–भूमिधरों द्वारा आवेदन नहीं किया जाता है। यदि कोई एक सह–भूमिधर, संयुक्त हित की भूमि में से अपने अंश की घोषणा कराना चाहता है तो ऐसा आवेदन, भूमि में सह–भूमिधरों के अपने–अपने अंशों का विभाजन विधि के उपबन्धों के अनुसार किये जाने के पश्चात ही ग्रहण किया जायेगा।

(5) उपधारा (1) या उपधारा (2) के अधीन घोषणा के लिए आवेदन में ऐसे विवरण अंतर्विष्ट होंगे और उक्त आवेदन ऐसी रीति से किया जायेगा जैसा कि विहित किया जाए।

(6) जहां उपधारा (1) या (2) के अधीन आवेदन जोत के किसी आंशिक भाग के संबंध में किया जाता है, वहां उप जिलाधिकारी विहित रीति से ऐसे आंशिक भाग का सीमांकन ऐसी घोषणा के प्रयोजन के लिए कर सकता है।

(7) इस धारा के अधीन कोई घोषणा, उपजिलाधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि भूमि या उसके आंशिक भाग का उपयोग, ऐसे प्रयोजन के लिए किया जा रहा है या किया जाना प्रस्तावित है, जिसके कारण लोक उपताप होना या लोक व्यवस्था, लोक स्वास्थ, सुरक्षा या सुविधा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना सम्भावित हो या जो महायोजना में प्रस्तावित उपयोगों के विरूद्ध हो।

(8) यदि भूमि या उसका आंशिक भाग, जिसके लिए इस धारा के अधीन घोषणा की अपेक्षा की जा रही हो, किसी नगरीय या औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधीन अधिसूचित क्षेत्र के अन्तर्गत आता है तो सम्बन्धित विकास प्राधिकरण की पूर्व अनुज्ञा आज्ञापक होगी।

(9) राज्य सरकार इस धारा के अधीन घोषणा के लिए शुल्क–मान नियत कर सकती है और भिन्न–भिन्न शुल्क भिन्न–भिन्न प्रयोजनों के लिए नियत किये जा सकते हैं:

परन्तु यह कि यदि आवेदक जोत या उसके आंशिक भाग का उपयोग अपने निजी आवासीय प्रयोजन के लिए करता है तो इस धारा के अधीन घोषणा के लिए कोई शुल्क प्रभारित नहीं किया जायेगा।"

धारा 81 का संशोधन

9–मूल अधिनियम की धारा 81 में, शब्द और अंक "धारा 80" के स्थान पर शब्द और अंक "धारा–80 की उपधारा (1)" रख दिये जायेंगे।

धारा 89 का संशोधन

10–मूल अधिनियम की धारा 89 में उपधारा (3) के स्थान पर निम्नलिखित उपधाराएँ रख दी जायेगी, अर्थात् :–

"(3) राज्य सरकार अथवा इस अधिनियम के अधीन इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत कोई अधिकारी, उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक किया गया या किये जाने हेतु प्रस्तावित किसी अर्जन अथवा क्रय को अनुमोदित कर सकता है, यदि ऐसा अर्जन अथवा क्रय, किसी रजिस्ट्रीकृत फर्म, कम्पनी, पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाईबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, न्यास, समिति अथवा किसी शैक्षिक या पूर्त संस्था के पक्ष में हो, और यदि उसकी राय हो कि ऐसा अर्जन अथवा क्रय लोक हित में होगा तथा उससे आर्थिक गतिविधियां (कृषि से इतर) उत्पन्न किया जाना तथा रोजगार उपबन्धित किया जाना सम्भावित हो। ऐसे मामलों में उत्तर प्रदेश अधिकतम जोत सीमा आरोपण अधिनियम, 1960 के उपबन्ध ऐसे अर्जन पर लागू नहीं होंगे:

परन्तु यह कि जहां भूमि, किसी रजिस्ट्रीकृत फर्म, कम्पनी, पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाईबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, न्यास, समिति अथवा किसी शैक्षिक या किसी पूर्त संस्था द्वारा इस उपधारा के अधीन पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना अर्जित अथवा क्रय की गई हो वहां राज्य सरकार अथवा इस अधिनियम के अधीन इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत कोई अधिकारी, जुर्माना स्वरूप ऐसी धनराशि, जो आवेदन करते समय प्रचलित सर्किल दर के अनुसार आगणित उपधारा (2) के अधीन विहित सीमा से अधिक भूमि की लागत का पांच प्रतिशत होगी, का भुगतान करने के पश्चात् ऐसे अर्जन अथवा क्रय को विनियमित करने के लिए अपना अनुमोदन प्रदान कर सकती अथवा सकता है;

(4) किसी रजिस्ट्रीकृत फर्म, कम्पनी, पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, न्यास समिति अथवा किसी शैक्षिक या पूर्त संस्था द्वारा उपधारा (2) के अधीन विहित सीमाओं से अधिक भूमि अर्जन अथवा क्रय के लिए उपधारा (3) के अधीन अनुज्ञा निम्नलिखित द्वारा विहित शर्तों पर एवं विहित रीति से प्रदान की जायेगी:–

(एक) 20.2344 हेक्टेयर तक भूमि अर्जित अथवा क्रय करने हेतु सम्बन्धित कलेक्टर;

(दो) 20.2344 हेक्टेयर से अधिक और 40.4688 हेक्टेयर तक भूमि अर्जित अथवा क्रय करने हेतु सम्बन्धित मण्डलायुक्त;

(तीन) 40.4688 हेक्टेयर से अधिक भूमि अर्जित अथवा क्रय करने हेतु राज्य सरकार:

परन्तु यह कि यदि आवेदक, उपधारा (3) के अधीन अनुज्ञा प्रदान किये जाने के दिनांक से पांच वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना स्थापित करने में विफल रहता है तो उक्त अनुज्ञा व्यपगत हो जायेगी और राजस्व संहिता की धारा 89(2) के अधीन विहित सीमा से अधिक अर्जित अथवा क्रय की गयी भूमि राज्य सरकार में निहित हो जायेगी तथा धारा 105 के परिणाम लागू हो जायेंगे:

परन्तु यह और कि राज्य सरकार, उपधारा (3) के अधीन प्रदान की गयी अनुज्ञा की अवधि को, तदनिम्मित कारण अभिलिखित करने के पश्चात् अधिकतम अग्रतर तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा सकती है।"

धारा 94 का संशोधन

11–मूल अधिनियम की धारा 94 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थात्:–

किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा

"94(1) कोई भूमिधर किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, न्यास, समिति या कृषि हेतु या सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु किसी अन्य विधिमान्य इकाई को अपनी जोत या उसके किसी आंशिक भाग को पट्टे पर दे सकता है। ऐसे पट्टे को किसी भूमिधर के निजी पट्टा के रूप में जाना जायेगा।

(2) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा का तात्पर्य पट्टाकर्ता, जो कोई भूमिधर हो सकता है, व पट्टेदार, जो कृषि क्रियाकलाप का दायित्व ग्रहण करना या सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना चाहता हो, के मध्य पारस्परिक रूप से करारकृत निबन्धन और शर्तों पर करार आधारित संविदा से है जिसके द्वारा पट्टा करार के अनुसार पट्टेदार को संदेय नकद या वस्तु या उत्पाद अंश के रूप में किसी प्रतिफल के सापेक्ष कृषि प्रयोजनों हेतु या सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने हेतु भूमि या जोत या उसके किसी आंशिक भाग के उपयोग के लिए पट्टाकर्ता पट्टेदार को अनुज्ञा प्रदान करता है।

(3) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा की अवधि– किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टे की अधिकतम अवधि एक बार में पन्द्रह वर्ष से अधिक नहीं होगी:

परन्तु यह कि, प्रथम पट्टा अवधि की समाप्ति के पश्चात्, पट्टा अवधि की समय सीमा में पट्टाकर्ता व पट्टेदार की पारस्परिक सहमति से अग्रतर वृद्धि की जा सकती है:

परन्तु यह और कि, कोई सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाने के प्रयोजनार्थ, अधिकतम अवधि तीस वर्ष तक हो सकती है।

(4)किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा की शर्तें– किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा की निबन्धन व शर्तें, पट्टाकर्ता व पट्टेदार के मध्य पारस्परिक करारकृत होंगी। पट्टे की सामान्य शर्तें यथा विहित रीति से होंगी।"

धारा 95 का संशोधन

12–मूल अधिनियम की धारा 95 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थात्:–

पट्टा किस प्रकार किया जाएगा, उसका पर्यवसान तथा तत्सम्बन्ध में उठने वाला कोई विवाद

"95 किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा मौखिक या लिखित या रजिस्ट्रीकृत हो सकता है–

(1) किसी एकल फसल हेतु अथवा एक वर्ष तक की अवधि हेतु किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा मौखिक या लिखित में हो सकता है। एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए पट्टा करार केवल रजिस्ट्रीकृत लिखत द्वारा किया जायेगा;

(2) अधिकार अभिलेख की अभ्युक्तियों वाले स्तम्भ में किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा को अभिलिखित किया जाना–लिखित या रजिस्ट्रीकृत निजी पट्टा करार की स्थिति में, करार या विलेख की कोई प्रति, सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी, जो किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार का विवरण [पट्टाकर्ता व पट्टेदार का नाम और अन्य विवरण; करार का दिनांक; पट्टा अवधि; प्रस्तावित भू–उपयोग और वार्षिक पट्टा किराया] अधिकार अभिलेख (खतौनी) की अभ्युक्तियों वाले स्तम्भ में अभिलिखित करने हेतु आदेश पारित करेगा;

(3) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा से किसी प्रकार का अभिधारण अधिकार सृजित नहीं होगा– रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के अधीन रजिस्ट्रीकृत या किसी राजस्व अधिकारी या ग्राम प्रधान द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित या किसी नोटरी द्वारा नोटरीकृत या मौखिक, किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार से, पट्टाकृत भूमि पर पट्टेदार के पक्ष में संरक्षित अभिधारण या अधिभोग अधिकार या इस अधिनियम या नियमावली में अन्तर्विष्ट अधिकारों से भिन्न बेदखली या पट्टा पर्यवसान के विरूद्ध कोई अन्य अधिकार सहित कोई अधिकार या हित सृजित नहीं होंगे। पट्टेदार द्वारा निजी पट्टा करार का उपयोग, किसी विधि न्यायालय में पट्टाकृत भूमि पर कोई स्थायी अधिकार स्थापित करने के लिए नहीं किया जायेगा;

(4) भूमि का पुनः प्राप्त किया जाना– किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा अवधि की समाप्ति या किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा के पर्यवसान के पश्चात किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा– लिखत शून्य हो जायेगा तथा यदि किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा की अवधि नहीं बढ़ाई जाती है तो पट्टाकृत भूमि स्वतः पट्टाकर्ता को प्रत्यावर्तित हो जायेगी और पट्टेदार समस्त विल्लंगमों से मुक्त भूमि का शान्तिपूर्ण कब्जा पट्टाकर्ता को सौंप देगा तथा वह इस प्रकार निजी पट्टा पर दी गयी भूमि का कोई अधिकार, हक या हित रखने से प्रविरत हो जायेगा;

स्पष्टीकरण– धारा 94 के अधीन किये गये निजी पट्टे से उत्पन्न होने वाले किसी न्यायालय के समक्ष लम्बित किसी विवाद पर ध्यान दिये बिना, पट्टाकर्ता को निजी पट्टा अवधि की समाप्ति के पश्चात् पट्टाकृत भूमि का शान्तिपूर्ण कब्जा प्राप्त करने का हक होगा तथा पट्टेदार को पट्टाकृत भूमि पर कब्जा बनाए रखने का कोई अधिकार नहीं होगा;

(5) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा का प्रभाव– किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टे के सम्बन्ध में संहिता में अन्तर्विष्ट उपबन्धों का कोई भूतलक्षी प्रभाव नहीं होगा;

(6) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टे का पर्यवसान–

(क) जब तक पट्टाकर्ता व पट्टेदार के मध्य पारस्परिक सहमति से बढ़ाया न जाए, करार में उल्लिखित निजी पट्टा, पट्टा अवधि के समाप्त होने पर निजी पट्टा, पट्टा करार का पर्यवसान हो जायेगा;

(ख) पट्टेदार द्वारा नियत दिनांक तक प्रतिफल धनराशि अथवा वार्षिक निजी पट्टा, पट्टा किराया का भुगतान न किये जाने की स्थिति में पट्टा अथवा यदि उसके द्वारा किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टे की किसी निबन्धन एवं शर्त का उलंघन किया जाता है तो पट्टाकर्ता द्वारा पट्टेदार को लिखित नोटिस दिये जाने के पश्चात, पट्टा अवधि की समाप्ति के पूर्व किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार का पर्यवसान किया जा सकता है;

(ग) यदि पट्टाकर्ता द्वारा समय से पूर्व किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार का पर्यवसान किये जाने का प्रस्ताव किया जाता है, तो पट्टेदार को पट्टाकृत भूमि पर पट्टेदार द्वारा सृजित या स्थापित संरचनाओं, मशीनरी आदि को हटाने का हक होगा। पट्टेदार को पट्टाकर्ता से निजी पट्टा करार में यथा करारकृत और निर्धारित क्षतियां और प्रतिकर वसूल करने का भी हक होगा;

(घ) यदि पट्टेदार समय से पूर्व निजी पट्टा करार का पर्यवसान करना चाहता है या किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा अवधि के दौरान भूमि अभ्यर्पित कर देता है तो, उसे कम से कम छः माह की नोटिस पट्टाकर्ता को देनी होगी तथा वह पट्टाकर्ता को किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार में यथा करारकृत तथा निर्धारित अन्य प्रतिकर के अतिरिक्त वर्ष के शेष भाग के वार्षिक किराये का भुगतान करने का भी उत्तरदायी होगा या जैसा कि विहित किया जाय;

(ङ) यदि किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा अवधि की समाप्ति या निजी पट्टा करार के पर्यवसान के पश्चात् पट्टेदार, पट्टाकर्ता को पट्टाकृत भूमि का शांतिपूर्ण कब्जा सौंपने में विफल रहता है तो पट्टेदार अप्राधिकृत अध्यासी के रूप में समझा जाएगा तथा वह पट्टाकृत भूमि से बेदखल किये जाने योग्य होगा। पट्टेदार पट्टाकर्ता को अप्राधिकृत अध्यासन अवधि के लिए ऐसे शास्तिक किराया या क्षतियों का भुगतान करने का भी उत्तरदायी होगा, जैसा कि ऐसी बेदखली की लागत के अतिरिक्त किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार में उपबन्धित किया गया हो;

(च) पट्टाकर्ता व पट्टेदार, पारस्परिक करारकृत निबन्धनों पर किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा किसी भी समय में पर्यवसानकृत कर सकते हैं;

(7) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टे से उत्पन्न होने वाले विवाद–

(क) किसी भूमिधर द्वारा निजी पट्टा करार या उसके किन्हीं निबन्धनों और शर्तों से उत्पन्न होने वाले विवाद की स्थिति में, पट्टाकर्ता व पट्टेदार स्वयं के मध्य या यदि पारस्परिक करार होता है तो किसी तृतीय पक्ष के मध्यस्थ या ग्राम पंचायत या ग्राम राजस्व समिति द्वारा मध्यस्थता का प्रयोग करते हुए विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान व निस्तारण करने के सभी प्रयास करेंगे;

(ख) यदि खण्ड (क) में उल्लिखित तौर–तरीके के माध्यम से विवाद का निस्तारण नहीं हो पाता है तो, दोनों में से कोई पक्षकार उपजिलाधिकारी के समक्ष याचिका दायर कर सकेगा;

(ग) उपजिलाधिकारी वाद संस्थित किये जाने के तीस दिनों की अवधि के भीतर संक्षिप्त प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए विवाद का न्यायनिर्णयन करेगा;

(घ) किसी उपजिलाधिकारी द्वारा पारित किसी अन्तरिम आदेश से भिन्न किसी आदेश के विरूद्ध कोई अपील, आयुक्त के समक्ष दायर की जायेगी। आयुक्त का विनिश्चय धारा 210 के उपबन्धों के अध्यधीन, अंतिम होगा।"

धारा 96 और 97 का निकाला जाना

13–मूल अधिनियम की धारा 96 और 97 निकाल दी जायेगी।

धारा 103 का निकाला जाना

14–मूल अधिनियम की धारा 103 निकाल दी जायेगी।

धारा 104 का संशोधन

15–मूल अधिनियम की धारा 104 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थात् :–

"(104) इस संहिता के उपबन्धों के उल्लंघन में किसी भूमिधर या किसी असामी द्वारा किसी जोत अथवा उसके आंशिक भाग का प्रत्येक पट्टा अथवा हित संक्रमण शून्य होगा।"

धारा 105 का संशोधन

16–मूल अधिनियम की धारा 105 में उपधारा (1) में, खण्ड (घ) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात् :–

"(ङ) इस धारा के उपबन्ध, धारा 94 के अधीन किये गये किसी पट्टे पर लागू नहीं होंगे।"

धारा 108 का संशोधन

17–मूल अधिनियम की धारा 108 में उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रख दी जायेगी, अर्थात् :–

"(2) उपधारा (1) के उपबन्धों के अध्यधीन पुरूष भूमिधर, असामी या सरकारी पट्टेदार के निम्नलिखित नातेदार उत्तराधिकारी हैं, अर्थात्–

(क) विधवा, अविवाहित पुत्री और पुत्र–पौत्रादिक क्रम में पुंजातीय वंशज, प्रति शाखा के अनुसार:

परन्तु यह कि किसी पूर्वमृत पुत्र के पुत्र और अविवाहित पुत्री और विधवा, चाहे वे जितनी भी नीची पीढ़ी में हो, को विरासत में वह अंश मिलेगा जो पूर्व मृत पुत्र को यदि वह जीवित होता, न्यागत होता;

(ख) माता और पिता ;

(ग) विवाहित पुत्री ;

(घ) भाई और अविवाहित बहिन जो क्रमशः उसी मृत पिता के पुत्र और पुत्री हों:

और पूर्व मृत भाई का पुत्र और अविवाहित पुत्री, जब पूर्व मृत भाई उसी मृत पिता का पुत्र हो;

(ङ) पुत्र की पुत्री;

(च) पिता की माता और पिता के पिता;

(छ) पुत्री का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ज) विवाहित बहिन;

(झ) सौतेली बहिन, जो उसी मृत पिता की ही पुत्री हो;

(ञ) बहिन का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ट) सौतेली बहिन का पुत्र और अविवाहित पुत्री, जहाँ बहिन उसी मृत पिता की ही पुत्री हो;

(ठ) भाई के पुत्र का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ड) पिता के पिता का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ढ़)पिता के पिता के पुत्र का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ण) माता की माता का पुत्र और अविवाहित पुत्री।"

धारा 110 का संशोधन

18–मूल अधिनियम की धारा 110 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी जायेगी, अर्थात्:–

"110–जहां इस संहिता के प्रारम्भ होने के पश्चात किसी स्त्री भूमिधर, असामी या सरकारी पट्टेदार की मृत्यु हो जाय, वहां किसी जोत या उसके आंशिक भाग में उसका हित, धारा 107 से 109 के उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए, नीचे दिए गए उत्तराधिकार क्रम के अनुसार न्यागत हो जाएगा:–

(क) पुत्र, अविवाहित पुत्री, पुत्र का पुत्र और अविवाहित पुत्री, पुत्र के पुत्र का पुत्र और अविवाहित पुत्री, पूर्व मृत पुत्र की विधवा और पूर्व मृत पुत्र के पूर्व मृत पुत्र की विधवा, प्रति शाखा के अनुसार समान अंशों में;

परन्तु प्रथमतः यह कि उसी शाखा का निकटतर दूरतर को अपवर्जित कर देगा;

परन्तु द्वितीयतः यह कि कोई विधवा, जिसने विवाह कर लिया है, अपवर्जित हो जायेगी;

(ख) पति;

(ग) विवाहित पुत्री;

(घ) पुत्री का पुत्र और अविवाहित पुत्री;

(ङ) पिता;

(च) विधवा माता;

(छ) भाई जो उसी मृत पिता का पुत्र हो, और भाई का पुत्र और अविवाहित पुत्री प्रतिशाखा अनुसार;

(ज) अविवाहित बहिन;

(झ) विवाहित बहिन;

(ञ) बहिन का पुत्र और अविवाहित पुत्री।"

धारा 210 का संशोधन

19–मूल अधिनियम की धारा 210 में, उपधारा (1) में शब्द "कोई अपील नहीं हुयी" के स्थान पर शब्द "कोई अपील नहीं हो सकती है" रख दिये जायेंगे।

तृतीय अनुसूची का संशोधन

20–मूल अधिनियम की तृतीय अनुसूची में, धारा–131 की उपधारा (4) और धारा–133 के सापेक्ष प्रविष्टियों में शब्द "तहसीलदार" के स्थान पर शब्द "उपजिलाधिकारी" रख दिये जायेंगे।

उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 सन् 2019

निरसन और व्यावृत्ति

21(1)–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2019 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2)–ऐसे निरसन के होते हुए भी उपधारा (1) में निर्दिष्ट अध्यादेश द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के उपबंधों के अधीन कृत कोई कार्य या की गयी कोई कार्यवाही, इस अधिनियम द्वारा यथा संशोधित मूल अधिनियम के सहप्रत्यर्थी उपबंधों के अधीन कृत या की गयी समझी जायेगी मानों इस अधिनियम के उपबंध सभी सारवान समयों में प्रवृत्त थे।

उद्देश्य और कारण

उत्तर प्रदेश राज्य में भू–खातेदारों और भू–राजस्व से संबंधित विधि का समेकन और संशोधन करने के लिए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 अधिनियमित किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य में औद्योगिकीकरण और कृषि विकास के लिए भूमि की उपलब्धता सुगम बनाने के उद्देश्य से किसी भूमिधर या किसी असामी को किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, पार्टनरशिप फर्म, लिमिटेड लाईबिलिटी पार्टनरशिप फर्म, न्यास, समिति या कृषि हेतु या कोई सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु किसी अन्य विधिमान्य इकाई को अपनी जोत या उसके आंशिक भाग को पट्टे पर देने और संपूर्ण राज्य में भूमिधारकों के उत्तराधिकार से संबंधित विषयों में परिवर्तन करने के लिए उक्त अधिनियम को संशोधित करने का विनिश्चय किया गया था।

पूर्वोक्त विनिश्चय को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2018, उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल में पुरःस्थापित किया गया था और उसके द्वारा पारित किया गया था। उक्त विधेयक, महामहिम राष्ट्रपति के विचारार्थ राज्यपाल महोदय द्वारा आरक्षित कर लिया गया था और उस पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को प्रेषित किया गया था। भारत सरकार ने उक्त विधेयक में कतिपय संशोधन करने का सुझाव दिया था। भारत सरकार के सुझाव पर विचार करने के पश्चात यह विनिश्चय किया गया कि उक्त विधेयक को वापस ले लिया जाय और उसके स्थान पर भारत सरकार द्वारा सुझाये गये संशोधनों को सम्मिलित करते हुए उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2019 राज्य विधान मण्डल में पुरःस्थापित किया जायेगा।

चूंकि, राज्य विधान मण्डल सत्र में नहीं था और पूर्वोक्त विनिश्चय को कार्यान्वित करने के लिये तुरन्त विधायी कार्यवाही करनी आवश्यक थी। अतः राज्यपाल द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2019 को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 सन् 2019) प्रख्यापित किया गया था।

यह विधेयक पूर्वोक्त अध्यादेश को प्रतिस्थापित करने के लिये पुरःस्थापित किया जाता है।

आज्ञा से,
जे0 पी0 सिंह-II,
प्रमुख सचिव।

No. 1469(2)/LXXIX-V-1–19-1(Ka)4-19
Dated Lucknow, August 5, 2019

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the Uttar Pradesh Rajaswa Samhita (Sanshodhan) Adhiniyam, 2019 (Uttar Pradesh Adhiniyam Sankhya 7 of 2019) as passed by the Uttar Pradesh Legislature and assented to by the Governor on August 2, 2019. The Rajaswa Anubhag-1 is administratively concerned with the said Adhiniyam.

THE UTTAR PRADESH REVENUE CODE (AMENDMENT) ACT, 2019

(U.P. Act No. 7 of 2019)

[*As passed by the Uttar Pradesh Legislature*]

AN

ACT

to amend the Uttar Pradesh Revenue Code, 2006 for facilitating the availability of land for industrialization and agricultural development in the state of Uttar Pradesh and for changes in subjects related to inheritance of land holders.

IT IS HEREBY enacted in the Seventieth Year of the Republic of India as follows:-

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Uttar Pradesh Revenue Code (Amendment) Act, 2019.

(2) It shall be deemed to have come into force on March 10, 2019.

Amendment of section 24 of U.P. Act no. 8 of 2012

2. In section 24 of the Uttar Pradesh Revenue Code, 2006 hereinafter referred to as the principal Act, in sub-section (4), for the words "the order of the Commissioner shall be final," the words "The order of the Commissioner shall, subject to the provisions of section 210, be final" shall be *substituted*.

Amendment of section 38

3. In section 38 of the principal Act, in sub-section (4), for the words "The decision of the Commissioner shall be final," the words "The decision of the Commissioner shall, subject to the provisions of section 210, be final" shall be *substituted.*

Amendment of section 66

4. In section 66 of the principal Act, in sub-section (3) for the words "Every order of the Collector made under this section shall be final", the words "Every order of the Collector made under this section shall, subject to the provisions of section 210, be final" shall be *substituted.*

Amendment of section 69

5. In section 69 of the principal Act, in sub-section (3) for clause (c) the following clause shall be *substituted,* namely :-

"(c) The payment of expenses incurred on protection, preservation and development of lands of common utility; and"

Amendment of section 72

6. In section 72 of the principal Act, in sub-section (1) for clause (c) the following clause shall be *substituted,* namely:-

"(c) one or more Divisional Government Counsel (Revenue) for the divisional head-quarters who shall also look after the work related to Circuit Courts of the Board, (wherever Circuit Courts exist at Division level) and"

Amendment of section 77

7. In section 77 of the principal Act, in sub-section (2) for the words "in the same Gram Panchayat" the words "in the same or any nearby Gram Panchayat" shall be *substituted.*

Amendment of section 80

8. For section 80 of the principal Act, the following section shall be *substituted,* namely :-

"80 (1) Where a bhumidhar with transferable rights uses his holding or part thereof, for industrial, commercial or residential purposes, the Sub-Divisional Officer may, suomotu or on an application moved by such bhumidhar, after making such enquiry as may be prescribed, either make a declaration that the land is being used for the purpose not connected with agriculture or reject the application. The Sub-Divisional officer shall take a decision on the application within forty five working days from the date of receipt of the application. In case the application is rejected, the Sub-Divisional officer shall state the reasons in writing for such rejection and inform the applicant of his decision.

(2) Where a bhumidhar with transferable rights proposes to use in future his holding or part thereof, for industrial, commercial or residential purposes, the Sub-Divisional Officer may on an application moved by such bhumidhar, after making such enquiry as may be prescribed, either make a declaration that the land may be used for the purpose not connected with agriculture or reject the application, within forty five working days from the date of receipt of the application. In case the application is rejected, the Sub-Divisional officer shall state the reasons in writing of such rejection and inform the applicant of his decision:

Provided that for declaration under this sub-section there must exist a boundary wall surrounding the holding or part thereof, which is proposed to be used for such purpose:

Provided further that if the bhumidhar fails to start the proposed non agricultural activity within a period of five years from the date of declaration under this sub-section, then the declaration under sub-section (2) for the holding or part thereof shall lapse:

Provided also that a declaration under this sub-section (2) shall not amount to change of land use and the land shall continue to be treated as agricultural land only. However, the bhumidhar shall be entitled to obtain loan and other necessary permissions, clearances etc. for the activity or project, proposed on the holding or part thereof, for which declaration under this sub-section has been obtained.

(3) A bhumidhar possessing declaration under sub-section (2) for his holding or part thereof, may apply to Sub-Divisional officer for converting declaration under sub-section (2) to a declaration under sub-section (1), after completion of construction activity or start of the proposed non- agricultural activity, within a period of five years from declaration under sub-section (2). On receipt of such an application, the Sub-Divisional officer, after making such enquiry as necessary, shall approve or reject the application within a period of 15 days from the receipt of the application. In case of rejection, he shall record in writing the reasons for such rejection:

Provided that for conversion of declaration under sub-section (2) to a declaration under sub-section (1), the bhumidhar shall be liable to pay only the balance amount of fee payable, calculated at prevailing circle rate, after adjusting the amount already paid by him for declaration under sub-section (2) earlier.

(4) No application for a declaration under sub-section (1) or (2), moved by any co-bhumidhar having undivided interest in bhumidhari land shall be maintainable, unless application is moved by all the co-bhumidhars of such bhumidhari land. In case only one of the co-bhumidhar wants to get a declaration for his share in the land with joint interest, then such an application shall be entertained only after the respective shares of the co-bhumidhars in the land have been divided in accordance with the provisions of law.

(5)The application for declaration [under sub-section (1) or sub-section (2)] shall contain such particulars and shall be made in such manner as may be prescribed.

(6)Where the application under sub-section (1) or sub-section (2) is made in respect of a part of the holding, the sub-divisional officer may, in the manner prescribed, demarcate such part for purposes of such declaration.

(7) No declaration under this section shall be made by the sub-divisional officer, if he is satisfied that the land or part thereof is being used or is proposed to be used for a purpose which is likely to cause a public nuisance or to affect adversely public order, public health, safety or convenience or which is against the uses proposed in the master plan.

(8) In case the land or part thereof for which a declaration under this section is being sought falls within the area notified under any Urban or Industrial Development Authority, then prior permission of the concerned Development Authority shall be mandatory.

(9) The State Government may fix the scale of fees for declaration under this section and different fees may be fixed for different purposes:

Provided that if the applicant uses the holding or part thereof, for his own residential purpose, no fee shall be charged for the declaration under this section."

Amendment of section 81

9. In section 81 of the principal Act, for the words and figures "section 80" the words and figures "sub-section (1) of section 80" shall be *substituted.*

Amendment of section 89

10. In section 89 of the principal Act, for sub-section (3) the following sub-sections shall be *substituted*, namely:-

For the purpose of this section the word "Local Authority" includes Kshhetra Panchayat, Zila Panchayat, Town Area, Notified Area, Cantonment Area, Nagar Panchayat, Nagar Palika, Nagar Mahapalika, Nagar Nigam, Noida Vikas Pradhikaran, Greater Noida Vikas Pradhikaran, Yamuna Expressway Vikas Pradhikaran or any Industrial township declared under the Industrial Development Area under the Uttar Pradesh Industrial Area Development Act, 1976 under the Article 243-Q of the Constitution of India.

Amendment of section 80

3. In section 80 of the principal Act, the first proviso to sub-section (2) shall be *omitted*.

Amendment of sub-section (2) of section 89

4. In section 89 of the principal Act, the Explanation to sub-section (2) shall be *omitted*.

Amendment of sub-section (3) of section 89

5. In sub-section (3) of section 89 of the principal Act for the proviso, the following proviso shall be *substituted*, namely :–

Provided that where the land has been acquired or purchased by a registered firm, company, partnership firm, limited liability partnership firm, trust, society or any other educational or a charitable institution, without obtaining prior approval under this sub-section or sub-section (3) of section 154 of the Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950 as enacted before the repeal, the State Government or an officer authorized for this purpose under this Act, may give its approval for regularizing such

acquisition or purchase, after payment of an amount as fine, which shall be ten percent of the cost of the land in excess of the limit prescribed under sub-section (2) calculated as per the circle rate prevailing at the time of making the application :

Provided further that where the State Government is satisfied that any transfer has been made in the public interest under various promotion investment policies or for the projects being encouraged by the State Government, for the establishment of private universities and medical colleges, it may exempt any such transferee from the payment of fine under this sub-section.

ANANDIBEN PATEL,
Governor,
Uttar Pradesh.

By order,
ATUL SRIVASTAVA,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 549 राजपत्र–2020–(1134)–599 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 169 सा0 विधायी–2020–(1135)–300 प्रतियां–(कम्प्यूटर / टी0 / ऑफसेट)।

संलग्नक -4

क्रम-संख्या–280 (क–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०
डब्लू०/एन०पी०–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, मंगलवार, 29 दिसम्बर, 2020

पौष 8, 1942 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

राजस्व अनुभाग–1

संख्या 1560/एक-1–2020-रा0-1

लखनऊ, 29 दिसम्बर, 2020

अधिसूचना

प0 आ0–468

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 8 सन् 2012) की धारा 233 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2020 कही जाएगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम 16 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता नियमावली, 2016, जिसे आगे मूल नियमावली कहा गया है, में नियम 16 में उपनियम (6) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात् :–

(7) राजस्व ग्रामों की सीमाओं का निर्धारण एवं सीमांकन हेतु ग्राम सीमा स्तम्भों का निर्माण और उनकी स्थापना, समय-समय पर जारी परिषद के आदेशों के अनुसार की जायेगी। राजस्व ग्राम सीमा के अनुरक्षण एवं रख-रखाव के लिये सम्बन्धित ग्राम पंचायत उत्तरदायी होगा और इस प्रयोजन हेतु ग्राम निधि अथवा समेकित ग्राम निधि में उपलब्ध निधियों का प्रयोग किया जा सकेगा।

(8) किसी राजस्व ग्राम के विभिन्न गाटों/भूखण्डों के सीमांकन हेतु उनकी मेड़बंदी और गाटा स्तम्भों का निर्माण तथा उनकी स्थापना समय-समय पर जारी परिषद के आदेशों के अनुसार की जाएगी। गाटा स्तम्भों के निर्माण और गाटे की मेड़बंदी पर व्यय का वहन उस व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो संहिता की धारा 24 के अधीन सीमांकन वाद दायर किया हो।

(9) ग्रामों की सीमा पर स्थित सभी ग्राम सीमा स्तम्भों के अनन्य कोड का अवधारण करने और उनके अक्षांश व देशान्तर का निर्धारण करने हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा:-

(क) सीमा स्तम्भ दो, तीन अथवा चार ग्रामों की सीमा पर स्थित हो सकता है। सर्वप्रथम आसन्नवर्ती (Adjacent) ग्रामों, जिनकी सीमा पर सीमा स्तम्भ अवस्थित हैं, में से सबसे कम ग्राम कोड संख्या वाले राजस्व ग्राम का कोड (6 अंक) लिखा जायेगा। इसके पश्चात् सीमा स्तम्भ के आसन्नवर्ती दूसरे राजस्व ग्राम का ग्राम कोड (6 अंक) लिखा जायेगा, जिसका कोड प्रथम ग्राम के कोड से अधिक किन्तु तृतीय ग्राम, यदि कोई हो, के कोड से कम हो। इसके पश्चात् उक्त दोनों राजस्व ग्रामों में से न्यूनतम ग्राम कोड संख्या वाले ग्राम के कम अंक वाले गाटा संख्या (5 अंक), जिसकी सीमा पर स्तम्भ स्थित हो, उसका नम्बर लिया जायेगा। सबसे अन्त में सीमा स्तम्भ का क्रमांक (2 अंक) लिखा जायेगा। इस प्रकार उस सीमा स्तम्भ का 19 अंक का अनन्य कोड बन जायेगा।

इसी प्रकार अगले स्तम्भ में अनन्य कोड का अवधारण करने के लिये न्यूनतम ग्राम कोड संख्या वाले राजस्व ग्राम के कोड और अगले गाटा संख्या, जिसमें अगला स्तम्भ स्थित हो, का प्रयोग उसी रीति से किया जायेगा जैसा कि उपरोक्तानुसार उल्लिखित है।

(ख) किसी ग्राम के सभी स्तम्भों में कोड अवधारण को पूरा किये जाने के पश्चात् अन्य ग्रामों में पुनः उसी प्रक्रिया का अनुसरण किया जायेगा। अगले ग्राम के जिन स्तम्भों की कोडिंग, कम कोड संख्या वाले राजस्व ग्राम के साथ हो चुकी हो, उनको छोड़ते हुए अन्य स्तम्भों को पुनः 01 से संख्या प्रदान करते हुए कोडिंग की जायेगी।

(ग) ऐसे किसी ग्राम, जिसकी सीमा उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखण्ड, संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली तथा नेपाल देश से मिलती है, के सीमा स्तम्भों की कोडिंग करते समय ऐसी सीमा पर अवस्थित प्रथम ग्राम के रूप में उत्तर प्रदेश के सम्बन्धित ग्राम का जनगणना कोड लिया जायेगा जबकि सम्बन्धित राज्य के द्वितीय ग्राम कोड के लिये 06 अंक के ग्राम कोड निम्नवत् लिये जायेंगे :-

1-नेपाल	NEPAL0
2-उत्तराखण्ड	UKD000
3-हिमाचल प्रदेश	HIMP00
4-हरियाणा	HR0000
5-दिल्ली	DELHI0
6-राजस्थान	RAJ000
7-मध्यप्रदेश	MP0000
8-छत्तीसगढ़	CHH000
9-झारखण्ड	JHAR00
10-बिहार	BIHAR0

(घ) ग्रामों की सीमाओं पर स्थित सीमा स्तम्भों की कोडिंग के पश्चात् उनके अक्षांश एवं देशान्तर निर्धारित किये जायेंगे, जिससे सीमा स्तम्भों के गायब या नष्ट हो जाने पर उनको उसी स्थान पर पुर्नस्थापित किया जा सके।

3–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये नियम 22 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम 22 का संशोधन

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(1) संहिता की धारा 24 (1) के अन्तर्गत सीमा विवादों के निपटारे के सम्बन्ध में प्रत्येक प्रार्थना-पत्र उप जिलाधिकारी को दिया जायेगा और उसमें निम्नलिखित विवरण अंकित होंगे :– (क) पक्षकारों का नाम, पिता का नाम व पता; (ख) अवस्थिति के साथ भूखण्ड संख्या, क्षेत्रफल तथा भूमि की सीमाएं; (ग) विवाद का संक्षिप्त विवरण – प्रार्थना-पत्र के साथ नक्शे, खसरा व खतौनी की प्रमाणित प्रतिलिपि (जिसके आधार पर सीमांकन किया जाना है) का होना आवश्यक है।	(1) संहिता की धारा 24 (1) के अधीन खातेदार एक या एक से अधिक समीपस्थ गाटों के लिए सीमा विवाद निस्तारण के लिये आवेदन-पत्र दो प्रतियों में उप जिलाधिकारी को प्रस्तुत करेगा और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी :– (क) गाटा का विवरण–गाटा संख्या, खातेदार का नाम, पिता/पति का नाम, ग्राम/तहसील का नाम। यदि एक से अधिक खातेदार हैं, तो सभी की विशिष्टियां उल्लिखित की जायेंगी; चालू अद्यतन कृत खतौनी भी आवेदन–पत्र के साथ संलग्न की जायेगी। (ख) समीपस्थ गाटों का विवरण–गाटा संख्या, खातेदार का नाम, पिता/पति का नाम, ग्राम/तहसील का नाम। यदि एक से अधिक खातेदार हों, तो सभी की विशिष्टियां उल्लिखित की जायेगी। चालू अद्यतन कृत खतौनी भी आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जायेगी। (2) यदि खतौनी में खाता अलग है, किन्तु भू–चित्र में उप विभाजन नहीं है, तो भू–चित्र में उप विभाजन कराया जाना आवश्यक होगा।
(2) संहिता की धारा 24(1) के अन्तर्गत सीमाओं के निर्धारण का कोई प्रार्थना-पत्र तब तक ग्रहण नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके साथ मानचित्र, खसरा और अधिकार अभिलेख (खतौनी) जिसके आधार पर सीमांकन की मांग की गयी है को संलग्न नहीं किया गया हो और प्रार्थी की प्रति सर्वे संख्या के लिये रु0 1000/– की दर से आगणित अपेक्षित रकम सीमांकन के शुल्क के रूप में प्रार्थी द्वारा अदा नहीं कर दी गयी हो। (3) यदि प्रार्थना-पत्र दो या दो से अधिक संलग्न भूखण्डों के सीमांकन के लिये है, तो सीमांकन शुल्क का एक सेट देय होगा लेकिन जहां पर सीमांकन की मांग किये जाने वाले सर्वे भूखण्ड संलग्न नहीं है वहां पर अलग–अलग सीमांकन शुल्क देय होगा। (4) प्रार्थना-पत्र के प्राप्त होने पर सम्बन्धित कर्मचारी प्रार्थना-पत्र में यह जांच करेगा कि क्या अपेक्षाओं को पूर्ण किया गया है अथवा नहीं। यदि कोई औपचारिक प्रकृति की कमी है तो प्रार्थी अथवा उसे अधिवक्ता को तुरन्त उस कमी को दूर करने की इजाजत दी जायेगी लेकिन जहां पर प्रार्थना-पत्र की अपेक्षायें पूर्ण नहीं की गयी हैं, वहां पर अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिये मांगा गया अवसर दिया जायेगा।	(3) यदि सीमांकित किये जाने वाले गाटा/गाटों से ग्राम पंचायत/राज्य सरकार की किसी सम्पत्ति की सीमा संलग्न है, तो अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति/ग्राम प्रधान और राज्य सरकार को तत्सम्बन्ध में पक्षकार बनाया जायेगा। (4) समीपस्थ गाटों की सीमा के सीमांकन हेतु आवेदन किये जाने पर बाहरी सीमा का ही सीमांकन किया जायेगा।

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
(5) जैसे ही अपेक्षायें पूर्ण कर दी जाती हैं, सम्बन्धित कर्मचारी प्रार्थना–पत्र को सम्बन्धित रजिस्टर में दर्ज करेगा और उसे समुचित आदेश के लिये उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा।	(5) आवेदक को गाटा/सम्बद्ध गाटों के सीमांकन हेतु राजकीय कोषागार में रु0 1000/– की फीस जमा करनी होगी। आवेदन–पत्र के साथ चालान, रसीद की प्रतिलिपि भी संलग्न की जायेगी।
(6) उपजिलाधिकारी उसी दिन या अगले कार्य दिवस पर आदेश पारित करेगा और राजस्व निरीक्षक अथवा अन्य राजस्व अधिकारी को यह निदेश देगा कि तिथि नियत करने के बाद और सभी सम्बन्धित खातेदारों पर उसके सम्बन्ध में नोटिस तामील करने के बाद भूखण्ड या भूखण्डों, जैसी भी स्थिति हो, का सीमांकन करेगा। यह कार्य उपजिलाधिकारी द्वारा पारित किये गये आदेश के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर पूर्ण किया जायेगा।	(6) सीमांकन हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने पर उसी दिन या अगले कार्य दिवस पर उप जिलाअधिकारी, राजस्व न्यायालय, कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आर0सी0सी0 एम0एस0) पर वाद दर्ज करेगा। कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से नोटिस की तीन प्रतियां जारी की जायेंगी और तहसीलदार के माध्यम से राजस्व निरीक्षक को प्रदत्त की जायेगी।
(7) इस नियम के उपनियम (6) के अन्तर्गत नोटिस सम्बन्धित खातेदार पर और उसकी अनुपस्थिति में उसके वयस्क पारिवारिक सदस्य पर तामील की जायेगी। वह नोटिस भूमि प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष पर भी तामील की जायेगी।	(7) राजस्व निरीक्षक, लेखपाल या अन्य किसी माध्यम से उपनियम (1) में यथा उल्लिखित सम्बन्धित खातेदार/खातेदारों को नोटिस तामील करेगा। खातेदारों की अनुपस्थिति में नोटिस, खातेदार/खातेदारों के वयस्क पारिवारिक सदस्य को तामील की जायेगी। सीमांकन की सूचना, भूमि प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष को भी प्रदान की जायेगी।
(8) भूखण्ड का सीमांकन करते समय राजस्व निरीक्षक या अन्य राजस्व अधिकारी द्वारा स्थल ज्ञाप तैयार किया जायेगा और उस पर सभी सम्बन्धित पक्षकारों एवं भूमि प्रबन्धक समिति के अध्यक्ष अथवा सीमांकन के समय उपस्थित किन्हीं दो स्वतंत्र साक्षियों द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा। यदि कोई पक्ष स्थल शाप पर हस्ताक्षर करने से इनकार करता है तो राजस्व निरीक्षक द्वारा उक्त आशय का पृष्ठांकन किया जायेगा।	(8) यदि राजस्व निरीक्षक सूचना भेजते समय या स्थलीय सीमांकन से पूर्व किसी अन्य प्रभावित व्यक्ति को तत्सम्बन्ध में पक्षकार बनाना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है।
(9) राजस्व निरीक्षक अथवा अन्य राजस्व अधिकारी सीमांकन के दिनांक से पन्द्रह दिनों की अवधि के अन्दर स्थल शाप सहित अपनी सीमांकन आख्या प्रेषित करेगा। आख्या में प्रत्येक प्रभावित पक्षकार का नाम और पता दिया जायेगा।	(9) राजस्व निरीक्षक अथवा कोई अन्य राजस्व पदाधिकारी सीमांकन हेतु दिनांक नियत करने के पश्चात् और सभी सम्बन्धित खातेदारों को सूचित करने के पश्चात् यथास्थिति भूखण्ड या भूखण्डो, का सीमांकन करेगा। सीमांकन करते समय यदि कोई प्रभावित खातेदार तत्सम्बन्ध में पक्षकार न हो तो ऐसा खातेदार राजस्व निरीक्षक द्वारा तत्सम्बन्ध में स्थलीय पक्षकार बनायेगा तथा वह अपनी सीमांकन आख्या में इसका उल्लेख करेगा। सीमांकन उपजिलाधिकारी द्वारा तत्निमित्त कृत आदेश के दिनांक से एक माह के भीतर पूर्ण किया जायेगा।
(10) उपनियम (9) के अन्तर्गत आख्या प्राप्त होने पर एक सप्ताह के अन्दर आख्या पर आक्षेप आमंत्रित करते हुये सभी प्रभावित पक्षों को नोटिसें जारी की जायेंगी और तिथि नियत की जायेगी जो कि नोटिस जारी करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के बाद की नहीं होगी।	(10) राजस्व निरीक्षक या अन्य राजस्व पदाधिकारी स्थल ज्ञाप सहित सीमांकन आख्या तैयार करेंगे। यदि तत्निमित्त कोई आपत्तियां न हों, तो सीमांकन आख्या पर सभी संबंधित पक्षकारों की सहमति तथा हस्ताक्षर प्राप्त करने के पश्चात् उसे तहसीलदार के माध्यम से उपजिलाधिकारी को

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	एक सप्ताह में प्रेषित कर दिया जायेगा। राजस्व निरीक्षक की पूर्वोक्त आख्या प्राप्त करने पर उपजिलाधिकारी सीमांकन आख्या की पुष्टि करते हुए आदेश पारित करेगा।
(11) नियत दिनांक पर अथवा उस दिनांक पर जिसके लिये सुनवाई स्थगित की गयी हो, उपजिलाधिकारी संहिता की धारा 24 की उपधारा (2) के प्रावधानों के अनुसार सीमाओं के सम्बन्ध में विवाद को तय करेगा और आख्या के विरूद्ध दाखिल की गयी आपत्तियों, यदि कोई हों, एवं आख्या पर विचार करने तथा सम्बन्धित पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के बाद समुचित आदेश पारित करेगा।	(11) यदि सीमांकन से प्रभावित पक्षकारों ने सीमांकन पर अपनी सहमति न दी हो अथवा यदि सीमांकन आख्या में कोई आपत्ति हो, तो उपजिलाधिकारी द्वारा सभी पक्षकारो को सुनवाई का दिनांक नियत करते हुए नोटिस (नोटिसें) जारी की जायेगी/की जायेंगी जो नोटिस जारी किये जाने के दिनांक से पन्द्रह दिन के बाद की नहीं होगी।
(12) यदि उपजिलाधिकारी द्वारा आख्या की पुष्टि कर दी जाती है तो एक सप्ताह की अवधि के अन्दर तद्नुसार सीमा स्तम्भ नियत किये जायेंगे और उसके सम्बन्ध में आख्या प्रेषित की जायेगी जो कि अभिलेख का भाग होगी।	(12) उपजिलाधिकारी समस्त सम्बन्धित पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात् सीमा का सीमांकन करने के सम्बन्ध में आदेश पारित करेगा। राजस्व निरीक्षक को आदेश किये जाने के दिनांक से दो सप्ताह के भीतर ऐसे आदेश का अनुपालन करना होगा और उपजिलाधिकारी को अपनी आख्या प्रस्तुत करनी होगी।
(13) जहां पर भूखण्ड/सर्वे संख्याओं की सीमायें दरियाबुर्द अथवा दरियाबरार अथवा भारी वर्षा या किन्हीं अन्य कारणों से शिनाख्त योग्य नहीं है अथवा क्षतिग्रस्त हो गयी है वहां पर उपजिलाधिकारी उस ग्राम के ग्राम राजस्व समिति के अध्यक्ष के आवेदन पर अथवा राजस्व निरीक्षक या हलके के लेखपाल की आख्या पर अथवा सभी सम्बन्धित खातेदारों द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त प्रार्थना–पत्र पर, लिखित रूप से सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा राजस्व निरीक्षक अथवा सम्बन्धित लेखपाल को निर्देशित करेगा कि वह वर्तमान सर्वे मानचित्र के आधार पर अथवा जहां पर यह सम्भव न हो, वहां पर कब्जे के आधार पर स्थल पर सीमाओं को चिन्हित करे और यदि कोई शिकायत है तो राजस्व ग्राम समिति के परामर्श से सुलह के आधार पर उसका समाधान करे। राजस्व निरीक्षक या लेखपाल ऐसे आदेश का पालन, आदेश के दिनांक से दो सप्ताह के अन्दर करेगा और उसकी आख्या उपजिलाधिकारी को प्रेषित करेगा।	(13) जहां पर गाटा/सर्वे संख्या की सीमा, भूमि के जलोढ़ या आप्लाव अथवा भारी वर्षा के कारण या किन्हीं अन्य कारण से हुई क्षति के कारण शिनाख्त योग्य न हो, वहां पर उस ग्राम के ग्राम राजस्व समिति के अध्यक्ष के आवेदन पर अथवा राजस्व निरीक्षक या लेखपाल की आख्या पर अथवा सभी सम्बन्धित पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षरित संयुक्त आवेदन पत्र पर, उपजिलाधिकारी लिखित रूप से सामान्य अथवा विशेष आदेश द्वारा राजस्व निरीक्षक अथवा लेखपाल को अनुदेश देगा कि वह वर्तमान सर्वे मानचित्र के आधार पर अथवा जहाँ पर सम्भव हो, कब्जा के आधार पर स्थल पर सीमा का सीमांकन करे और यदि कोई शिकायत हो तो राजस्व ग्राम समिति के परामर्श से पारस्परिक सहमति के आधार पर उसका समाधान करे। राजस्व निरीक्षक या लेखपाल को आदेश किये जाने के दिनांक से दो सप्ताह के भीतर ऐसे आदेश का अनुपालन करना होगा और अपनी आख्या उपजिलाधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी।
(14) यदि कोई पक्षकार इस नियम के उपनियम (13) के अन्तर्गत सीमांकन से क्षुब्ध है तो वह संहिता की धारा 24 की उपधारा (1) के अन्तर्गत सीमाओं के निर्धारण के लिये प्रार्थना-पत्र दे सकता है और उपनियम (13) के अन्तर्गत सीमांकन संहिता की धारा 24 की उपधारा (1) के अन्तर्गत सीमांकन के अधीन होगा।	(14) उपनियम (10), (13) या (14) के अधीन सीमांकन के लिये आदेश पारित करते समय उपजिलाधिकारी सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष को निदेशित कर सकता है कि वह सीमांकन के समय स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस बल उपलब्ध कराये।

स्तम्भ–1

विद्यमान नियम

(15) उपजिलाधिकारी संहिता की धारा 24 के अन्तर्गत अथवा इस नियम के उपनियम (13) के अन्तर्गत सीमांकन के लिये आदेश पारित करते समय सम्बन्धित थाने के थानाध्यक्ष को निर्देशित कर सकता है कि वह सीमांकन के समय स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस बल उपलब्ध कराये।

(16) उपजिलाधिकारी धारा 24(3)के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट समय के अन्दर कार्यवाही को समाप्त करने का प्रयास करेगा और यदि कार्यवाही ऐसी अवधि के अन्दर समाप्त नहीं होती है तो उसके लिये कारण अभिलिखित किया जायेगा।

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

(15) उपजिलाधिकारी संहिता की धारा 24(3) में यथा उल्लिखित निर्धारित समय के भीतर प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास करेगा और यदि प्रक्रिया ऐसे समय के भीतर पूर्ण नहीं होती है तो उसके लिये कारण अभिलिखित किया जायेगा।

नियम 25 का संशोधन

4–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये नियम 25 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1

विद्यमान नियम

नक्शा व क्षैत्रिक पंजी (खसरा) धारा 30(1):–

कलेक्टर, प्रत्येक ग्राम के लिए एक क्षैत्रिक पंजी (खसरा) **आर0सी0 प्रपत्र–4** में तैयार तथा अनुरक्षित करायेगा तथा (खसरा संख्या या भू–खण्ड संख्या की सीमाओं को दर्शाने वाला) एक मानचित्र जिसमें धारा 30 के अन्तर्गत हुए संशोधनों का अंकन हो, रखेगा।

स्तम्भ–2

एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम

(1) कलेक्टर, प्रत्येक ग्राम के लिए एक क्षैत्रिक पंजी (खसरा) **आर0सी0 प्रपत्र–4** में तैयार तथा अनुरक्षित करायेगा और (खसरा संख्याओं या गाटा संख्याओं की सीमाओं को दर्शाते हुए) एक मानचित्र जिसमें धारा 30 में निर्दिष्ट परिवर्तनों का अंकन हो, रखेगा।

(2) फसली वर्ष 1428 से पूर्व के वर्षों की क्षैत्रिक पंजी (खसरा) का रख-रखाव **आर0सी0 प्रपत्र–4** में किया जायेगा तथा इसको समय–समय पर जारी शासनादेशों व परिषदादेशों के अनुसार अनुरक्षित व संरक्षित किया जायेगा।

(3) जिन क्षेत्रों में यू0पी0 जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 प्रवृत्त था, उन क्षेत्रों में फसली वर्ष 1428 व उसके बाद के क्षैत्रिक पंजी (खसरा) का रख–रखाव **आर0सी0 प्रपत्र–4क** में कम्प्यूटरीकृत (डिजिटल) स्वरूप में किया जाएगा।

(4) फसली वर्ष की समाप्ति पर खसरा प्रविष्टियों को अपरिवर्तनीय बनाते (फ्रीज करते) हुए क्षैत्रिक पंजी (खसरे) की प्रति, पी0डी0एफ0 अथवा अन्य किसी अपरिवर्तनीय फार्मेट में परिषद स्तर पर राज्य डाटा केन्द्र अथवा शासकीय इलेक्ट्रानिक क्लाउड जैसे मेघराज आदि में शाश्वत रूप से संरक्षित की जाएगी तथा उसकी एक मुद्रित प्रति, अभिलेखार्थ तहसील स्तर पर 12 वर्ष तक के लिए संरक्षित की जायेगी।

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
	(5) आर0सी0 प्रपत्र–4 में प्रविष्टियां समय–समय पर जारी शासनादेशों व परिषदादेशों के अनुसार कम्प्यूटरीकृत (डिजिटल) रूप में दर्ज की जायेंगी।

5–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये नियम 27 के उपनियम (1) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :– नियम 27 का संशोधन

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(1) कलेक्टर प्रत्येक ग्राम के लिए एक अधिकार अभिलेख (खतौनी) आर0सी0 प्रपत्र 7 में तैयार व अनुरक्षित करायेगा जिसमें होगा–	(1) कलेक्टर प्रत्येक ग्राम के लिए एक अधिकार अभिलेख (खतौनी) आर0सी0 प्रपत्र–7 या आर0सी0 प्रपत्र–7क में तैयार व अनुरक्षित करायेगा जिसमें निम्नलिखित होंगे :–
(क) उक्त धारा के उपबन्ध (क) से (घ) में विहित विवरण;	(क) उक्त धारा के खण्ड (क) से (घ) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां;
(ख) धारा 83 में संदर्भित घोषणा व निरसन का विवरण;	(ख) धारा 83 में निर्दिष्ट घोषणा व रद्दकरण का विवरण;
(ग) ऐसा अन्य विवरण जैसा कि परिषद द्वारा समय–समय पर निर्देशित किया जाये।	(ग) ऐसी अन्य विशिष्टियां जैसा कि परिषद द्वारा समय–समय पर निदेशित की जायं।

6–उक्त नियमावली में, नियम 31 में, उपनियम (5) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम बढ़ा दिया जायेगा; अर्थात्:– नियम 31 का संशोधन

(6) राजस्व निरीक्षक द्वारा अविवादित वरासत को दर्ज किये जाने हेतु नामांतरण हेतु आवेदन और उसका निस्तारण करने की कार्यवाहियां समय–समय पर परिषद द्वारा जारी निदेशों के अनुसार ऑनलाइन की जायेंगी।

(7) राजस्व निरीक्षक द्वारा पारित किये जाने वाले समस्त आदेशों को राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (आर0सी0सी0एम0एस0) में भी अभिलिखित किया जाएगा। राजस्व निरीक्षक द्वारा पारित आदेश को प्रभारी राजस्व निरीक्षक–कार्यालय द्वारा कम्प्यूटरीकृत खतौनी में तभी अभिलिखित किया जा सकेगा जब साफ्टवेयर द्वारा नामांतरण की स्वत जनित आवेदन संख्या एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा पारित आदेश के दिनांक का उल्लेख आदेश में किया गया हो।

7–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये नियम 99 के उपनियम (8) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:– नियम 99 का संशोधन

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(8) यदि उपनियम (3) के अन्तर्गत प्रेषित की गयी आख्या और आपत्ति, यदि कोई हो, प्राप्त करने के बाद कलेक्टर का यह समाधान हो जाता है कि–	(8) यदि उपनियम (5) के अधीन प्रस्तुत की गयी आख्या और आपत्ति, यदि कोई हो, प्राप्त किये जाने के पश्चात् यदि कलेक्टर का यह समाधान हो जाता है कि–
(क) धारा 98 की उपधारा (1) के खण्ड (क) अथवा खण्ड (ख) की शर्तें पूर्ण हैं; अथवा	(क) धारा 98 की उपधारा (1) के खण्ड (क) अथवा खण्ड (ख) की शर्तें पूर्ण हैं; अथवा

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(ख) खातेदार अथवा उसके परिवार का कोई सदस्य किसी घातक बीमारी से ग्रस्त है, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित बीमारी में विशेषज्ञ किसी फिजीशियन अथवा शल्य चिकित्सक द्वारा प्रमाण–पत्र जारी किया गया है, और ऐसी बीमारी के उपचार के लिये व्ययों को पूरा करने के लिये अन्तरण की अनुज्ञा आवश्यक हैं; अथवा	(ख) खातेदार अथवा उसके परिवार का कोई सदस्य किसी घातक रोग से ग्रस्त है, जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित रोग के विशेषज्ञ किसी चिकित्सक अथवा शल्य चिकित्सक द्वारा प्रमाण–पत्र जारी किया गया है, और ऐसे रोग के उपचार के लिये व्ययों को पूरा करने के लिये अन्तरण की अनुज्ञा आवश्यक हैं; अथवा
(ग) आवेदक प्रस्तावित अन्तरण के प्रतिफल से किसी अन्य भूमि को क्रय करने के लिये ऐसे प्रस्तावित अन्तरण हेतु संहिता की धारा 98(1) के अन्तर्गत अनुज्ञा की माँग कर रहा है और आवेदन में इस सम्बन्ध में दिये गये तथ्य आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्रीकृत विक्रय करार की सत्यापित प्रति से समर्थित हैं; अथवा	(ग) आवेदक ऐसे प्रस्तावित अन्तरण के प्रतिफल स्वरूप किसी अन्य भूमि का क्रय करने के लिये प्रस्तावित अन्तरण हेतु संहिता की धारा 98(1) के अधीन अनुज्ञा की माँग कर रहा है और आवेदन में इस सम्बन्ध में दिये गये तथ्य, आवेदक के पक्ष में विक्रय करने हेतु रजिस्ट्रीकृत करार की सत्यापित प्रति पर अवलम्बित हैं; अथवा
(घ) आवेदन के दिनांक पर आवेदक द्वारा धृत भूमि का क्षेत्रफल, ऐसे अन्तरण के बाद, 1.26 हेक्टेयर से कम नहीं होगा; और	(घ) आवेदन के दिनांक पर आवेदक द्वारा धृत भूमि का क्षेत्रफल, ऐसे अन्तरण के पश्चात्, 1.26 हेक्टेयर से कम नहीं होगा; और
(ङ) यदि, जहां विक्रय द्वारा अन्तरण के लिये अनुज्ञा की मांग की जा रही है, भूमि के अन्तरण के लिये प्रतिफल कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल रेट के अनुसार आगणित रकम से कम नहीं है; तो वह कारण अभिलिखित करते हुये अनुज्ञा प्रदान कर सकेगा। **स्पष्टीकरण**–सन्देह के निवारण के लिये एतद्द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि इस उपनियम के खण्ड (घ) में उल्लिखित शर्त पूर्ण नहीं है लेकिन इस उपनियम के खण्ड (क) से (ग) में उल्लिखित कोई शर्त पूर्ण है तो कलेक्टर संहिता की धारा 98(1) के अन्तर्गत अनुज्ञा दे सकता है।	(ङ) यदि, विक्रय द्वारा अन्तरण के लिये अनुज्ञा की मांग की जा रही हो, और भूमि के अन्तरण के लिये प्रतिफल, कलेक्टर द्वारा नियत सर्किल रेट के अनुसार आगणित धनराशि से कम न हो; तो वह कारण अभिलिखित करते हुये अनुज्ञा प्रदान कर सकेगा। **स्पष्टीकरण**–सन्देह के निवारण के लिये एतद्द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि यदि इस उपनियम के खण्ड (घ) में संख्यांकित शर्त पूर्ण नहीं है किन्तु इस उपनियम के खण्ड (क) से (ग) में संख्यांकित कोई शर्त पूर्ण है तो कलेक्टर संहिता की धारा 98 (1) के अधीन अनुज्ञा दे सकता है।

नियम 101 का संशोधन

8–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में, दिये गये नियम 101 के उपनियम (2) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(2) ऐसे सभी आवेदनों के साथ विनिमय में प्राप्त व दिये जाने वाले भूखण्डों की प्रमाणित खतौनी व भूमि प्रबन्धक समिति द्वारा ऐसे विनिमय के पक्ष में पारित किये गये प्रस्ताव की प्रति संलग्न की जायेगी।	(2) ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ विनिमय स्वरूप प्रदत्त तथा प्राप्त, भूखण्डों से सम्बन्धित खतौनी की प्रमाणित प्रतियां और भूमि प्रबन्धक समिति के ऐसे विनिमय के पक्ष में संकल्प अथवा कलेक्टर द्वारा अनुमोदित उपजिलाधिकारी के स्वप्रेरणा के संकल्प की प्रति संलग्न की जायेगी।

नियम 188 का संशोधन

9—उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ—1 में, दिये गये नियम 188 के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:—

स्तम्भ—1 विद्यमान नियम	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
जब इस संहिता के अधीन किसी वाद, प्रार्थना—पत्र या कार्यवाही के संबंध में उक्त संहिता या तदन्तर्गत बनी नियमावली या विनियमावली में अभिव्यक्त उपबन्ध बनाया गया है, तो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 या परिसीमा अधिनियम, 1963 में किसी बात के होते हुये भी, संहिता, नियमावली एवं विनियमावली के प्रावधान लागू होंगे।	(1) जहाँ संहिता के अधीन किसी वाद, आवेदन या कार्यवाहियों के संबंध में उक्त संहिता या तद्धीन बनायी गयी नियमावली या विनियमावली में कोई सुस्पष्ट उपबन्ध किया गया हो, वहाँ सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 या परिसीमा अधिनियम, 1963 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुये भी, संहिता, इस नियमावली या विनियमावली के उपबंध लागू होंगे। (2) राजस्व संहिता, 2006 के अधीन समस्त वाद परिषद द्वारा प्रबन्धकृत न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (आर0सी0सी0 एम0एस0) के पोर्टल पर दर्ज किये जायेंगे। समस्त राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा जारी ऐसे स्वजनित बार कोडेड आदेश पत्रकों पर ही आदेश पारित करेंगे जिनमें वाद का पूर्ण विवरण, अर्थात् न्यायालय का नाम, वाद संख्या, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या, पक्षकारों का नाम, धारा और अधिनियम, जिसके अधीन वाद दर्ज हो और प्रत्येक आदेश पत्रक के शीर्ष पर बार कोड अन्तर्विष्ट होगा। संबंधित पीठासीन अधिकारी/पेशकार/अहलमद/सहायक अपने यूजर आई0डी0 और पासवर्ड के माध्यम से राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (आर0सी0सी0 एम0एस0) के पोर्टल पर लॉग—इन करके हाथ से कोई आदेश अभिलिखित करने हेतु रिक्त आदेश पत्रकों को भी मुद्रित करेगा। वाद के विवरणों के साथ कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या को भी आदेश पत्रक के शीर्ष पर बार कोड हेडर पर मुद्रित की जायेगी। (3) राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (आर0सी0सी0 एम0एस) द्वारा जारी स्वजनित बार कोडेड आदेश पत्रक से भिन्न सादे कागज पर किया गया कोई आदेश अविधिमान्य और अस्वीकार्य होगा। (4) परिषद, राजस्व न्यायालयों के डिजिटाइजेशन एवं कम्प्यूटरीकरण प्रक्रिया का अवधारण करते हुए संचालन के लिये सामान्य या विशिष्ट अनुदेश जारी कर सकती है।

प्रपत्र–4 क का बढ़ाया जाना

10–उक्त नियमावली में, प्रपत्र–4 के पश्चात् निम्नलिखित प्रपत्र–4क बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात्:–

आर0सी0 प्रपत्र–4क
(नियम 25 क देखें)
खसरा (क्षैत्रिक पंजी)

भाग–01–गाटे का विवरण–(स्तम्भ संख्या 01 से 05)

खसरा/गाटा संख्या	गाटे का यूनिक कोड	क्षेत्रफल (हे0)	खाता खतौनी संख्या	खतौनी के यथा भाग–2 में अंकित खातेदार का नाम
1	2	3	4	5

भाग–02–फसल व सिंचाई के साधन का विवरण–(स्तम्भ संख्या 06 से 20)

खरीफ (2ख)					रवी (2र)					जायद (2जा)				
फसल	आच्छादित क्षेत्रफल	असिंचित क्षेत्रफल	सिंचित क्षेत्रफल	सिंचाई का साधन	फसल	आच्छादित क्षेत्रफल	असिंचित क्षेत्रफल	सिंचित क्षेत्रफल	सिंचाई का साधन	फसल	आच्छादित क्षेत्रफल	असिंचित क्षेत्रफल	सिंचित क्षेत्रफल	सिंचाई का साधन
6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20

भाग–03–दैवी आपदा व कृषि अवशिष्ट निस्तारण का विवरण–(स्तम्भ संख्या 21 से 26)

फसल	क्या दैवी आपदा में फसल को क्षति हुई है	दैवी आपदा का प्रकार	आपदा से प्रभावित क्षेत्रफल	क्षति का विवरण	कृषि अवशिष्ट निस्तारण (पराली/भूसा जलायी गयी अथवा नहीं)
21	22	23	24	25	26

भाग–04–वृक्षों का विवरण–(स्तम्भ संख्या 27 से 28)

गाटों में वृक्षों की प्रजाति	गाटों में वृक्षों की संख्या
27	28

भाग–05– कृष्योत्तर भूमि का विवरण–(स्तम्भ संख्या 29 से 34)

स्तम्भ 29–क्या राजस्व संहिता, 2006 के अनुच्छेद 143 या 80 की घोषणा, भूधारक के सम्पूर्ण या किसी भाग के लिये स्पष्ट है–हाँ/नहीं

कृष्योत्तर भू उपयोग का प्रकार	कृष्योत्तर उपयोग के अन्तर्गत क्षेत्रफल	कृष्योत्तर घोषित क्षेत्रफल	कृष्योत्तर घोषित करने का वाद/कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या	कृष्योत्तर घोषित करने के आदेश का दिनांक
30	31	32	33	34

भाग–06–पट्टा का विवरण–(स्तम्भ संख्या 35 से 41)

स्तम्भ 35–क्या भूमि अथवा किसी पट्टाकृत भूमि का भाग है–हाँ/नहीं

पट्टे का प्रकार	क्षेत्रफल	पट्टा धारक का नाम	पट्टा धारक का पता	पट्टा प्रारम्भ होने की तिथि	पट्टा समाप्त होने की तिथि
36	37	38	39	40	41

भाग–07–दो फसली क्षेत्रफल और गैर फसली भूमि का विवरण–(स्तम्भ संख्या 42 से 45)

4 क–दो फसली क्षेत्रफल (भूमि जिस पर एक से अधिक फसलें बोयी गयी हों)		4 ख–गैर फसली (परती) भूमि (ऐसी भूमि जिस पर फसल नहीं बोयी गयी)	
असिंचित	सिंचित	भूमि का वर्ग	क्षेत्रफल, हे0
42	43	44	45

भाग–08–विनिर्दिष्ट विवरण–(स्तम्भ संख्या 46)

5–विनिर्दिष्ट विवरण
46

11–उक्त नियमावली में, प्रपत्र–7 के पश्चात् निम्नलिखित प्रपत्र–7क बढ़ा दिया जायेगा, अर्थात्:– प्रपत्र 7 क का बढ़ाया जाना

आर0सी0 प्रपत्र 7क
(नियम 27 देखें)
खतौनी (अधिकार अभिलेख)

जिला.....तहसील.....विकास खण्ड/स्थानीय निकाय.....थाना.....परगना.....राजस्व ग्राम.....
राजस्व ग्राम कोड .....फसली वर्ष .....

खातेदार की श्रेणी				श्रेणी कोड			विवरण
खातेदार का विवरण				भूमि का विवरण			
खतौनी खाता संख्या	नाम/पिता–पति–संरक्षक–प्रबन्धक का नाम/जाति कोड/आधार संख्या (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन संख्या (6–9 स्थान के अंक)/पता/जन्म दिनांक (अवयस्क हेतु)	खातेदारी प्रारम्भ होने का विवरण		खाते के प्रयेक गाटे का खसरा संख्या/अनन्य कोड	गाटे का कुल क्षेत्रफल	खातेदार का अंश	
		न्यायालय का नाम/कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या अथवा आदेश संख्या/आदेश का दिनांक/जोत का आधार	वर्ष			हिस्से में	क्षेत्रफल में
1	2	3	4	5	6	7	8

	नामान्तरण/खातेदार की श्रेणी परिवर्तन का विवरण			
खातेदार द्वारा संदेय भू–राजस्व	खारिज किया गया नाम			
	न्यायालय का नाम/कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या अथवा आदेश संख्या/आदेश का दिनांक/नामान्तरण का आधार	नाम/पिता–पति–संरक्षक–प्रबन्धक का नाम/जाति कोड/आधार संख्या (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन संख्या (6–9 स्थान के अंक)/पता/जन्म दिनांक (अवयस्क हेतु)	गाटे का खसरा नम्बर/यूनिक कोड	क्षेत्रफल
9	10	11	12	13

दर्ज किया गया नाम			अन्य विवरण		
			भूमि के सम्बन्ध में विचाराधीन राजस्व वादों की कम्प्यूटरीकृत संख्या	बंधक होने की स्थिति (संस्था अथवा बैंक का नाम/आई0एफ0एस0 सी0 कोड/बंधक का दिनांक/धनराशि)	टिप्पणी
नाम/पिता–पति–संरक्षक– प्रबन्धक का नाम/जाति कोड/आधार संख्या (अन्तिम चार अंक) अथवा पैन संख्या (6–9 स्थान के अंक)/पता/जन्म दिनांक (अवयस्क हेतु)	गाटे का खसरा संख्या/अनन्य कोड	क्षेत्रफल			
14	15	16	17	18	19

आज्ञा से,
रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 1560/Ek-1–2020-R-1, dated December 29, 2020 :

No. 1560/Ek-1–2020-R-1

Dated Lucknow, December 29, 2020

IN exercise of the powers under section 233 of the Uttar Pradesh Revenue Code, 2006 (U.P. Act no. 8 of 2012) *read* with section 21 of the Uttar Pradesh General Clauses Act, 1904 (U.P. Act no. 1 of 1904), the Governor is pleased to make the following rules with a view to amend the Uttar Pradesh Revenue Code rules, 2016 :-

THE UTTAR PRADESH REVENUE CODE (THIRD AMENDMENT) RULES, 2020

Short title and commencement

1. (1) These rules may be called Uttar Pradesh Revenue Code (Third Amendment) Rules, 2020

(2) They shall come into force with effect from the date of their publication in the *Gazette*.

Amendment of rule 16

2. In the Uttar Pradesh Revenue Code Rules, 2016, *hereinafter* referred to as the said rules, in rule 16 *after* sub-rule (6), the follwoing sub-rules shall be *inserted*, namely :-

(7) *For* fixation and demarcation of boundary of revenue villages, the construction of village bourndary pillars and its establishment shall be done as per Board orders issued from time to time. The concerned Gram Panchayat shall be responsible for maintainance and upkeep of revenue village boundary, and the funds available in Gram Nidhi or Consolidated Gram Nidhi may be used for this purpose.

(8) For the demarcation of various gatas/land parcels in a revenue village and its medhbandi, the construction and establishment of boundary pillars shall be done as per Board orders issued from time to time. The expenditure on construction of gata pillars and medhbandi shall be borne by the person who has filed demarcation suit under section 24 of the code.

(9) The following procedure shall be followed for determining the unique code and for fixation of latitue and longitude of all village boundary pillars located at boundary of the village-

(a) The boundary pillar may be located at boundary of two, three or four villages, At first, among the adjacent villages to which the boundary pillars are located, the revenue village code (6 digit) of the village having least village code number shall be written. After it the village code (6 digit) of the village having least village code number shall be written. After it the village code (6 digit) of second revenue village, adjacent to boundary pillar, whose code is larger than the code of first village but lower than the third village, if any, shall be written. After it, the gata number (5 digit) of village having lower village code number among these two revenue villages, on boundary of which pillar is located, shall be taken. In the end, the serial number of boundary pillar (2 digit), shall be written. In this way, a 19 digit unique code of that boundary pillar shall be generated.

Similarly, for determining the unique code of next the pillar, the code of the revenue village with least village code number and the next gata number, in which next pillar is located, will be used in the same manner as stated aforesaid.

(b) *After* completion of determining the code of all pillars in a village again the same process shall be followed in other village . Leaving out the pillars of next village the coding of which has been done, for the village with lower code number, the coding of other pillars shall be done granting number 01 to other pillars

(c) At the time of the coding of boundary pillars of a village, the boundary of which is contiguous with Uttarakhand, Himanchal Pradesh, Haryana, Rajasthan, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Bihar, Jharkhand, Union Territory of Delhi and Nepal as the first village located on such boundary, the census code of the concerned village of Uttar Pradesh shall be taken, whereas for the second village code of the concerned State, the six digit village code will be taken as follows:-

1- Nepal	NEPAL0
2-Uttarakhand	UKD000
3- Himanchal Pradesh	HIMP00
4- Haryana	HR0000
5-Delhi	DELHI0
6-Rajasthan	RAJ000
7- Madhya Pradesh	MP0000
8-Chhattisgarh	CHH000
9- Jharkhand	JHAR00
10-Bihar	BIHAR0

(D) *After* coding of boundary pillars located at boundaries of the villages, the latiude and longitude shall be fixed, so that the boundary pillars can be re-established on the same place in the eventuality of disappearance or destruction.

Amendment of rule 22

3. In the said Rules, *for* rule 22 set out in Column-1 below, the rule as set out in Column-2 shall be *substituted*, namely :-

Column-1	Column-2
Existing rule	*Rule as hereby substituted*
(1) Every application for settlement of boundary dispute under section 24(1) of the code shall be made to the sub-Divisional-Officer and it shall contain the following particulars:-	(1) Under section 24(1) of the Code the tenure holder shall submit two copies of the application for settlement of boundary dispute to the sub-Divisional-Officer for one or more than one contiguous gatas, and it shall contain the following particulars:-
(a)The names, perentage and addresses of the parties;	**(a) Details of Gata-** Gata number, name of tenure holder, father/husband's name of village/tehsil. If the tenure holders are more than one, then partculars of all shall be mentioned; current updated khatauni shall also be to be attached to the application.
(b)Plot number, area and boundaries of the land, along with its location;	**(b) Details of contiguous Gata-** Gata number, name of tenure holder, father/husband's name, name of village/ tehsil. If the tenure holders are more than one, then partculars of all shall be mentioned. Current updated khatauni shall also be attached to the application.
(c)Precise nature of the dispute.	(2) If the khata is different in khatauni, but sub-division is not done in sazra-map, then sub-division in sazra-map shall be necessary.
(2) No application for demarcation of boundaries under section 24(1) of the Code shall be entertained unless it is accompanied by certified extracts from the maps, Khasras and Record of rights (Khatauni) on the basis of which demarcation is sought, and the required amount calculated at the rate of Rs. 1000/- per survey number of the applicant as fee for demarcation has been paid by the applicant.	

Column-1 *Existing rule*	Column-2 *Rule as hereby substituted*
(3) If the application is for demercation of two or more than two adjoining plots, only one set or demarcation fee shall be payable but where the survey numbers sought to be demarcated are not adjoining, separate sets of demarcation fee shall be paid.	(3) If boundary of any property of Gram Panchayat/State Government is adjacent to gata/gatas to be demarcated, then the Chairman, Land Management committee/Gram Pradhan and the State Government shall be made a party in the case.
(4) On the receipt of the application the concerned official shall check the application as to whether the requirements have been fulfilled or not. If there is any defect of formal nature, the applicant or his council shall be permitted to remove the defect at once but where the requirements of the application have not been fulfilled, the applicant shall be afforded opportunity as sought for to fulfil the requirements.	(4) Only the outer boundary shall be demarcated for an application made for boundary demarcation of contiguous gatas.
(5) As soon as the requirements are fulfilled the official concerned shall register the application in the register concerned and put up the same before the Sub-Divisional-Officer for appropriate order.	(5) The applicant shall deposit a fee of Rs. 1000/- in Government treasury for the demarcation of gata/attached gatas. A copy of challan receipt shall also be attached with the application form.
(6) The Sub-Divisional-Officer shall pass order on the same day or on the next working day, directing the Revenue Inspector or other Revenue Officer to demarcate the plot or plots as the case may be after fixing a date and serving the notice in respect thereof to all the tenure holders concerned. This exercise ahsll be completed within a period of one month from the date of order passed by Sub-Divisional-Officer.	(6) On receipt of an application for demarcation, on the same or next working day, the Sub-Divisional-Officer shall register the case in Revenue Court Computerised Management System (RCCMS). Three copies of notices shall be issued from the computerized system and will be delivered to the Revnue Inspector through Tehsildar.
(7) The notice under sub-rule (6) of this rule shall be served on the concerned tenure holder or in his absence on his adult family member. The notice shall also be served on the Chairman of the Land Management Committee.	(7) The Revenue Inspector shall serve notice to the concerned tenure holder/tenure holders as mentioned in sub-rule (1), through the Lekhpal or through any other mode. In absence of the tenure holders, notice will be served to the adult family member of the tenure holder/tenure holders. The information of demarcation shall also be given to the Chairman, Land Management Committee.
(8) At the time of demarcation of the plot the spot memo shall be prepared by the Revenue Inspector or other revenue officer and the same shall be signed by all the parties concerned and by the parties concerned and by the Chairman of the Land Management Committee or any two independent witnesses present at the time of the demarcation. If any party refuses to sign the spot memo, the endorsement to the effect shall be made by the Revenue Inspector.	(8) At the time of sending the information or before the demarcation on site, if the Revenue Inspector wants to make any other affected person, a party to the case he can do so.

Column-1 *Existing rule*	Column-2 *Rule as hereby substituted*
(9) the Revenue Inspector or other revenue officer shall submit his report of demarcaton with spot memo within a period of fifteen days from teh date of demarcation. The name and address of the every affected party shall be disclosed in the report.	(9) After fixing the date of demarcation and intimation to all the concerned tenure holders, the Revenue Inspector or any other revenue official will demarcate the land, parcel or parcels, as the case may be, During demarcation if any affected tenure holder is not a party to the case, such tenure holder shall be made a party to the case by the Revenue Inspector on the spot and he will mention the same in his demarcation report. Demarcation shall be completed within a month from the date of order for the same by the Sub-Divisional-Officer.
(10) On receipt of the report under sub-rule (9), the notices shall be issued within one week to all the affected parfties inviting the objections on the report and the date shall be fixed which shall not be later than 15 days from the date of issuing the notice.	(10) The Revenue Inspector or other revenue officials shall prepare the demarcation report along with the site memo. If there are no objections to the same, then after getting the consent and signaure of all the concerned parties on the demarcation report, the same shall be sent it to the Sub-Divisional-Officer through Tehsildar in a week. On receipt of the aforesaid report of the Revenue Inspector, the Sub-Divisional-officer will pass the order confirming the demarcation report.
(11) On the date fixed or on any other date to which the hearing is adjourned, the Sub-Divisional Officer shall 10 decide the dispute regarding the bourdaries in accordance with the provisions of the sub-section (2) of the section 24 of the Code and pass the appropriate order after considering the report and the objections, if any, filed against the report and affording opportunity of hearing to the parties concerned.	(11) If the affected parties to the demarcation have not given their consent to the demarcation, or if there is any objection to the demarcation report, notice (s) will be issued by the Sub-Divisional-Officer to all the parties, fixing a date of hearing which shall not be beyond 15 days from the date of issuance of notice.
